राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार | जयपुर, बुधवार, 17 दिसम्बर, 2025 | राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346

# हमारा समाचार

दैनिक | वर्ष - 12 अंक: 203 | प्रातः कालीन | मूल्य: 3 रुपए | पृष्ठ: 8 | hamarasamachar02@gmail.com

सुविचार

"वास्तव में संघर्ष की भावना ही अपने आप में एक सफलता है।"

## विराट-अनुष्का इस साल तीसरी बार संत प्रेमानंद से मिले



मथुरा

क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मंगलवार को वृंदावन पहुंचे। दोनों ने केली कुंज आश्रम में प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। दोनों की इस साल प्रेमानंद जी से यह तीसरी मुलाकात है।
दोनों घुटनों के बल महाराज जी के सामने बैठे और सिर झुकाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विराट-अनुष्का हाथ जोड़कर महाराज जी

## ऑस्ट्रेलिया में आतंकी हमला करने वाला साजिद हैदराबाद का था



सिडनी

ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से B.Com किया और नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया।

### विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर):

# प्रदेश की मतदाता सूची से 41.85 लाख नाम हटे, 11 लाख को नोटिस

## जयपुर में 5.36 लाख वोटर्स के नाम सूची से बाहर, दस्तावेज देकर दावा पेश कर सकते हैं

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जिन वोटर्स के नाम काटे गए हैं, उनकी लिस्ट जारी कर दी गई है। ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और ऑलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है।
राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा- जिन वोटर्स के नाम हटाए हैं, उन्हें अब कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। अगर उन्हें आपत्ति



है तो वे दस्तावेज देकर दावा पेश कर सकते हैं। इसमें परमानेंट शिफ्ट वोटर्स, डेड वोटर्स, एब्सेंट और डुप्लीकेट वोटर के नाम हटाए गए हैं।

### 11 लाख वोटर्स को नोटिस जारी किए जाएंगे

11 लाख वोटर्स की मैपिंग नहीं हुई, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। ऐसे वोटर्स दस्तावेज जमा करवाकर नाम जुड़वा सकेंगे। ये ऐसे वोटर्स हैं, जिनके नाम पिछली स्ढ्ढक्र में नहीं थे। दस्तावेज नहीं दे पाए थे। इन्हें अब एसडीएम स्तर से नोटिस जारी किए जाएंगे।

### सभी मान्यता प्राप्त पार्टियों को भी दी जाएगी ड्राफ्ट लिस्ट

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया- ड्राफ्ट लिस्ट निर्वाचन विभाग की वेबसाइट और जिलों की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी है। सभी 41 कलेक्टर, 199 विधानसभा क्षेत्रों के 61136 बूथों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों से भी साझा की जाएगी। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और ऑलरेडी एनरोल्ड लिस्ट भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले

### शरीर के टुकड़े 17 पॉलिथीन में ले गए; एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते हादसा, 70 घायल

मथुरा

मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं। पुलिस ने इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। अब डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान की जाएगी।
हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ।



पुलिस, फायर ब्रिगेड और SDRF के 50 जवानों और 9 थानों की पुलिस ने 6 घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे के चलते एक्सप्रेस-वे पर 3 किमी लंबा जाम लग गया था। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। ्रष्ठरू प्रशासन अमरेश जांच का नेतृत्व करेंगे। टक्कर के बाद राहगीर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।


## अंबानी-अडाणी जितनी संपत्ति मस्क की एक दिन में बढ़ी

नई दिल्ली

स्पेसएक्स की वैल्यूएशन 800 बिलियन डॉलर होने के कारण मस्क की नेटवर्थ अचानक बढ़ गई।
दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क की संपत्ति 600 बिलियन डॉलर (54.60 लाख करोड़) पार कर गई है। मस्क नेटवर्थ का यह आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए हैं। इससे पहले 1 अक्टूबर को मस्क की संपत्ति 500 बिलियन (डॉलर 45.50 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंची थी।
स्पेसएक्स की 800 बिलियन डॉलर (?72.80 लाख करोड़) का वैल्यूएशन और IPO आने की खबर के बाद



मस्क की संपत्ति में एक ही दिन में लगभग 168 बिलियन डॉलर (?15 लाख करोड़) की बढ़ोतरी हुई। यह भारत के दो सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी की नेटवर्थ के लगभग बराबर है। दोनों की संपत्ति 16 लाख करोड़ की है।






## राजस्थान पेंशनर समाज बैठक आयोजित




हमारा समाचार

फुलेरा । राजस्थान पेंशनर समाज फुलेरा की, आवश्यक बैठक शाक्त सिंह की अध्यक्षता में श्री रामद्वारा सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में 17 दिसम्बर 2025 'पेंशनर दिक्सू' आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही आयोजन समिति का गठन किया जिसमे रमेशचन्द्र गोठवाल, सत्य नारायण शर्मा, विमल कुमार शर्मा, भवरलाल कुमावत, प्रभु दयाल कुमावत को मनोनित किया गया। कार्यक्रम अनुसार 75 वर्ष की आयु से अधिक आयु के पेंशनर का सम्मान कियाजाना तय किया गया। पेंशनर्स के हितो में 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर पर कुठाराघात से सम्बन्धित सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने सम्बाध ज्ञापन SP.M. के माध्यम से केन्द्र सरकार के वित्तमंत्री व प्रधानमंत्री को प्रेषित किया जाय। बैठक में पेजनर भवन का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रामेश्वर लाल यादव, मदन मेहरा भवरलाल कुमावत, नाथूलाल मावर, ओम प्रकाश अर्मा, कैलाश चन्द्र सोनी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 21दिसंबर को लेकर बैठक एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित



हमारा समाचार

फुलेरा ।आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 21 दिसंबर 2025 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश भंवर लाल बुगारिया की अध्यक्षता में बैठक एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला के सचिव पवन कुमार जीनवाल भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर जयपुर जिला न्याय पालिका के समस्त न्यायाधीशों ने भाग लिया। बैठक में लंबित मामलों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित करने, अधिक से अधिक प्रकरणों के आपसी समझौते से निस्तारण, प्री-लिटिगेशन मामलों के समावेशन तथा आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करने पर विस्तृत चर्चा की गई।जिला एवं सत्र न्यायाधीश भंवर लाल बुगारिया ने निर्देश दिए कि सभी न्यायालय निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रकरणों को सूचीबद्ध करें तथा पक्षकारों से पूर्व समन्वय कर लोक अदालत में प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पवन कुमार जीनवाल ने राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से त्वरित, सुलभ एवं निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की।

## नवनिर्वाचित जिला अभिभाषक संघ पदाधिकारियों का स्वागत



हमारा समाचार

कोटपूतली बहरोड़ ।जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर के नवनिर्वाचित जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा का सोमवार को अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर पृथ्वी सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह, रमेश सैनी, नागेंद्र सिंह, अंकुश सैनी, विक्रम शर्मा, कपिल शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। इसी प्रकार सचिव एड. मुकेश यादव का यादव समाज कोटपूतली द्वारा अभिनंदन किया गया। प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव ने बताया कि पूर्व समाज अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर समाज के लोगों द्वारा एड. मुकेश यादव का माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। हरिराम पहलवान व बंशी यादव सहित समाज के लोगों द्वारा उन्हें मिली इस जिम्मेदारी को बखूबी तरीके से सकारात्मक व रचनात्मकता के साथ पूर्ण करने की बात कही।

## जिले में 31 मार्च 2026 तक आयोजित होंगे आरोग्य शिविर

हमारा समाचार

जयपुर। राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले में आगामी 31 मार्च, 2026 तक आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर जिले के सभी जिला, उपजिला, सैटेलाइट अस्पतालों सहित सीएचसी, पीएचसी एवं यूपीएचसी स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार आयोजित शिविरों में 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की बीएमआई, बीपी, शुगर, फैटी लिवर की जांच के साथ ओरल, सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी। बीपी व शुगर पॉजिटिव पाए जाने वाले रोगियों को नियमानुसार उपचार व फॉलोअप सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।आरोग्य शिविर प्रभारी आरसीएचओ द्वितीय डॉ. प्रमिला मीणा ने बताया

2 साल नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान
आरोग्य शिविर

# सीमेंट प्लांट एनजीटी के आदेषों की कर रहा अनदेखी

## प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सामाजिक कार्यकर्ता मेघा पाटकर मंगलवार को पहुंचेगी कोटपूतली

### एनजीटी के आदेषों की अक्षरशः पालना कराने व जोधपुरा संघर्ष समिति को सम्बल प्रदान कराने के लिये मुख्य सचिव व जिला कलक्टर से करेगी मुलाकात

हमारा समाचार

कोटपूतली बहरोड़ । ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा एनजीटी के आदेशो की अनदेखी की जा रही हैं। इसको लेकर जोधपुरा संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा हैं। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सामाजिक कार्यकर्ता मेघा पाटकर मंगलवार को धरना स्थल पर पहुंची। जिसके बाद एनजीटी के आदेशों की अक्षरशः पालना कराने व जोधपुरा संघर्ष समिति को सम्बल प्रदान कराने के लिये मुख्य सचिव व जिला कलक्टर से मुलाकात कारी। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि मेधा पाटकर व कविता श्रीवास्तव, कैलाश मीना सहित देशभर के नामचीन पर्यावरण प्रेमियों ने जोधपुरा संघर्ष समिति के संघर्ष को जिन्दा रखा है। जब जब भी संघर्ष के साथी देश भर से जोधपुरा आते हैं। अल्ट्राटेक कम्पनी ऐसे चाक चौबंद हो जाती है। सफ़ाई, पेड़ों कि धुलाई सड़कों पर पानी कि तराई करने में पुरजोर लगातीं है मानो जैसे दिखाते हैं कि सब कुछ अच्छा है, लेकिन फिर दो दिन बाद वो ही चिकने घड़े वाली कहावत हों जाती है। एनजीटी के आदेशानुसार मन्दिर, स्कूल, आबादी से 500 मीटर परिधि में ब्लास्टिंग नहीं करने व रात्रिकालीन खनन कार्यो पर रोक होने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। एएमई अमीचंद दुहारिया सुनने को तैयार नहीं है। जिला कलक्टर द्वारा पालना का भरोसा तो दिया जाता है, लेकिन अभी तक अमल कराने में पूर्णतया विफल नजर आ रही है। रात्रिकालीन ध्वनि प्रदूषण से ग्रामीण नींद नहीं ले पाते हैं। घरों कि छतों पर मिट्टी, डस्ट व सीमेंट उड़कर आने से हालात ओर बुरे हो जातें हैं। धरने पर समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, हरभगत बाबूजी, लीलाराम यादव, दिनेश यादव, विजय यादव, रामनिवास योगी, अजय योगी, लीलाराम योगी, हरिराम यादव, रामनिवास वर्मा, श्रीपाल यादव, राकेश योगी, सचिन यादव, मूलचंद योगी, राजपाल यादव, प्रकाश सोरेला, हरिसिंह सोरेला, सीताराम आर्य, सूबेसिंह मीणा, भूपसिंह धानका समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

## निर्माण संस्था खंडेल की मासिक बैठक आयोजित

### बैठक में कार्यक्षेत्र के 565 युवा, युवतियों एवं लोगों ने भाग लिया

हमारा समाचार



फुलेरा।निर्माण संस्था खंडेल की मासिक बैठक में कार्य क्षेत्र से 565 ग्रामीण, युवक, युवतियों, महिला, किसान सम्मिलित हुये । इस वर्ष 83 बालिकाओं को लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण में लाभ मिल रहा है एवं 50असहाय ग्रामीणों को मूलभूत जरूरत की पूर्ति प्रक्रिया जारी है जिसे 30 दिसंबर तक पूर्ण करना है। इस वर्ष 800 बालिकाओं के लिए 400-400 बालिकाओं के लिए दो मेले 1 जनवरी और 4 जनवरी को बालिका मेला का आयोजन किया जाएगा ताकि सभी बालिकाएं उसमें सम्मिलित हो सके हो सके 12 वर्ष से अधिक आयु की अन्य बालिकाएं भी बालिका समूह में सम्मिलित हो सकती है । पेयजल व्यवस्था में पेयजल लाभार्थियों को 15 तारीख की मासिक बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य है इसी मीटिंग में टोकन दिए जाएंगे। विगत 40 वर्षों से हो रही मासिक बैठक 15 तारीख को की जाए या नहीं इसपर उपस्थित ग्रामीणों ने इसी प्रकार जारी रखने का आग्रह किया। मीटिंग में बताया कि बालिका संसद 2025-26 का पांचवा अधिवेशन 1 फरवरी 2026 रविवार को आयोजित किया जाएगा। आज की मीटिंग में प्रसव पूर्व तीन माता को पोषाहार( सूखे मेवे )दिए गए है (1) पूजा पत्नी मनमोहन वर्मा त्योद (2) अनीता पत्नी जयनारायण वर्मा त्योदा (3) मानसा पत्नी रामेश्वर लाल मीणा खतवाड़ी। प्रसव बाद दो माता को पोषाहार दिया गया जिसमें 2 किग्रा डेयरी घी एवं 2 किग्रा चीनी, शिमला पत्नी लोकेश सेनी त्योदा एवं अंजूलता पत्नी जितेंद्र रेगर जयसिंहपुरा को दिया गया । बैठक में निर्माण संस्था खंडेल स्टाफ से सदस्य बागेश्वर वर्मा , अर्जुन सिंह शेखावत , अनीता देवी , चंद्रकांता एवं लक्ष्मी नारायण कुमावत एवं सभी ग्रामीण सहेली पूरे समय उपस्थित रही।

## 'सीएचसी बघेरा में बवालः फार्मासिस्ट ने डॉक्टर पर लगाए गाली-गलौज व मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप, सुसाइड की चेतावनी '

हमारा समाचार



केकड़ी। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बघेरा में कार्यरत एक फार्मासिस्ट ने ड्यूटी रजिस्टर में अवकाश दर्ज करने को लेकर हुए विवाद के बाद एक वरिष्ठ डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। फार्मासिस्ट ने डॉक्टर पर गाली-गलौज, दुर्व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना करने का आरोप लगाते हुए ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) केकड़ी को लिखित शिकायत सौंपी है और मामले में निष्पक्ष जांच व न्याय की मांग की है। ड्यूटी रजिस्टर से शुरू हुआ विवाद फार्मासिस्ट विनोद तोंदवाल ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने 15 दिसंबर 2025 को आकस्मिक अवकाश (सीएल) लिया था, लेकिन उसी दिन सुबह 9 बजे वे सीएचसी बघेरा पहुंचे और ड्यूटी रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज की। करीब 9:40 बजे उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. मनोज जाटावत को अपनी मौजूदगी की जानकारी दी। आरोप है कि इस पर डॉ. जाटावत ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने उपस्थिति क्यों लगाई, मैं आपकी सीएल भेजूंगा और मामले की जांच होगी। फार्मासिस्ट के अनुसार, जब उन्होंने डॉक्टर से यह सवाल किया कि डॉक्टर स्वयं छुट्टी पर रहने के दौरान अपनी सीएल/पीएल दर्ज किए बिना बाद में एक साथ 15 दिसंबर 2025 को हाजिरी कैसे लगा सकते हैं, तो इस बात पर डॉक्टर आक्रोशित हो गए। स्टाफ के सामने गाली-गलौज व धक्का देने का आरोप शिकायत में आरोप लगाया गया है कि डॉ. जाटावत ने स्टाफ के सामने अत्यंत अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया तथा धक्का देकर उन्हें कमरे से बाहर निकाल दिया। फार्मासिस्ट का कहना है कि इस घटना से उन्हें गहरा मानसिक आघात पहुंचा है। पहले भी होते रहे दुर्व्यवहार के आरोप विनोद तोंदवाल ने यह भी दावा किया है कि संबंधित डॉक्टर का व्यवहार न केवल उनके साथ, बल्कि अन्य स्टाफ सदस्यों और अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ भी अक्सर अपमानजनक रहता है। उन्होंने कहा कि बघेरा में जॉइन करने के बाद से ही उन्हें लगातार मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। बीसीएमओ से न्याय की गुहार, गंभीर चेतावनी फार्मासिस्ट ने बीसीएमओ से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने अपने पारिवारिक हालात का हवाला देते हुए बताया कि उनके परिवार में वे ही एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं और उनके पिता लकवे के मरीज हैं। शिकायत पत्र में उन्होंने गंभीर चेतावनी देते हुए लिखा है कि यदि मानसिक प्रताड़ना इसी तरह जारी रही और उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा, तो वे आत्महत्या जैसा कदम भी उठा सकते हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी डॉ. मनोज जाटावत की होगी। इस मामले के सामने आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में हलचल है और स्टाफ के साथ-साथ आम जनता में भी रोष व्याप्त है। अब सभी की नजरें बीसीएमओ केकड़ी द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## बड़नगर के यंग साइंटिस्ट केतुल कुमावत का नया पेटेंट

### पावटा उपखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन

हमारा समाचार



पावटा। उपखंड क्षेत्र के ग्राम बड़नगर निवासी यंग साइंटिस्ट अवॉर्डी केतुल कुमावत ने विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय की आधिकारिक जर्नल के इश्यू नंबर 50/2025, 12 दिसंबर 2025 में उनका नवीन पेटेंट सफलतापूर्वक प्रकाशित हुआ है। यह पेटेंट एक्टिवेटेड चारकोल आधारित हर्बल फेस पैक की फॉर्मुलेशन एवं इवैल्यूएशन से संबंधित है। इस शोध में एक्टिवेटेड चारकोल के साथ चयनित हर्बल अवयवों का उपयोग कर एक प्राकृतिक, सुरक्षित एवं प्रभावी हर्बल फेस पैक विकसित किया गया है, जो त्वचा की गहराई से सफाई करने के साथ-साथ एंटी बैक्टीरियल एवं एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों में भी उपयोगी सिद्ध हुआ है। यह शोध कार्य आधुनिक कॉस्मेटिक साइंस और पारंपरिक हर्बल ज्ञान का उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत करता है। उल्लेखनीय है कि यह केतुल कुमावत का पहला पेटेंट नहीं है, इससे पूर्व उनका एक पेटेंट स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक पर भी सफलतापूर्वक प्रकाशित हो चुका है, जिसे एनालिटिकल एवं एडवांस साइंटिफिक एप्लिकेशंस के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस प्रकार विभिन्न टेक्नोलॉजी डोमेन्स में उनके नाम पेटेंट पब्लिकेशन दर्ज होना उनकी बहुआयामी वैज्ञानिक क्षमता को दर्शाता है। केतुल कुमावत एक वेरिफाइड एवं प्रतिष्ठित शोधकर्ता हैं, वे सीएसआईआर नेट (जेआरएफ/एसआरएफ), गेट एवं सीजीएसईटी क्वालिफाइड हैं तथा वर्तमान में पीएचडी सीनियर रिसर्च स्कॉलर के रूप में अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। उन्हें उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए इंडियन केमिकल सोसायटी द्वारा यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है, वहीं प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रोफेसर अनिमेष चक्रवर्ती द्वारा भी उन्हें सम्मान प्राप्त हुआ है तथा वे इंस्पायर अवॉर्ड से भी नवाज़े जा चुके हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। इसके साथ ही केतुल कुमावत 'मॉलिक्यूलर इनसाइट्स' नामक पुस्तक के लेखक हैं और उनके अनेक शोध पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। पावटा क्षेत्र के बड़नगर गांव से निकलकर राष्ट्रीय पहचान बनाने वाले केतुल कुमावत की यह उपलब्धि न केवल उनके शैक्षणिक एवं शोध जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है और उनकी सफलता मेक इन इंडिया रिसर्च एवं इनोवेशन को नई दिशा देने का कार्य कर रही है, जिसकी वैज्ञानिक एवं अकादमिक जगत में व्यापक सराहना हो रही है।

## नगर निगम जयपुर का नवाचारनेट जीरो कूलिंग स्टेशन के रूप में अत्यधिक गर्मी के दिनों में आमजन को मिल सकेगी राहत

### वीटी रोड़ मध्यम मार्ग पर स्थापित किया गया नेट जीरो कूलिंग स्टेशन

हमारा समाचार

जयपुर। नगर निगम जयपुर ने एक बार फिर नवाचार करते हुए नेट जीरो कूलिंग स्टेशन का शुभारंभ किया है। नगर निगम जयपुर ने एवं एनजीओ के संयुक्त प्रयास से जयपुर के वीटी रोड़ मध्यम मार्ग पर यह पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में स्थापित किया है। मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार बंसल ने इस नेट जीरो कूलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जोन उपायुक्त लक्ष्मीकान्त कटारा, एसई एवं एक्सईन, सीएसआई, एसआई मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त गौरव सैनी ने बताया कि आगामी गर्मियों को देखते हुए तथा बढ़ते तापमान के बीच यह कूलिंग स्टेशन शहरी गरीब एवं असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले समुदायों जैसे स्ट्रीट वेन्डर्स, ड्राइवर्स, गीग वर्कर्स, महिलाओं वरिष्ठ नागरिकों एवं आमजन को गर्मी से राहत एवं सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह स्टेशन अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिये सुरक्षित और सुलभ आश्रय प्रदान करता है। वर्तमान में सर्दी से बचाव हेतु आश्रय स्थल के रूप में भी इसे काम में लिया जा सकता है।

**कूलिंग स्टेशन की मुख्य विशेषताएंः-**

1. मिस्ट फैन और खस के पर्दे- उच्च तापमान का प्रभाव कम करते है और तुरंत ठंडक प्रदान करते है।
2. सोलर पैनल सिस्टम- रोशनी, पंखे और स्प्रिंकलर को ऊर्जा प्रदान करते हुए स्टेशन को पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ बनाता है।
3. विंड टावर डिजाइन- गर्म हवा को ऊपर की ओर बाहर निकालकर हवा के प्रवाह में सुधार करता है।

## राजस्थान स्टेट ट्रेडीशनल रेसलिंग और पैनक्रेशन चैंपियनशिप में जयपुर का दबदबा




हमारा समाचार

हरमाडा। जयपुर के ऐतिहासिक एसएमएस स्टेडियम में 13 एवं 14 दिसंबर को राजस्थान स्टेट ट्रेडीशनल रेसलिंग और पैनक्रेशन चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे राजस्थान से लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुर के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया और अपनी श्रेष्ठता साबित की। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीरज के. पवन, द्धस (सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार एवं चेयरमैन, आरएस एससी उपस्थित रहे। उनके साथ मनवीर सिंह (सर्विंग सोल्जर, इंडियन आर्मी), अजय सिंह मीणा (चेयरमैन), राजस्थान हाई कोर्ट के एडवोकेट तनवीर अहमद, राजस्थान स्टेट फेडरेशन के अध्यक्ष हिम्मत स्वामी, जनरल सेक्रेटरी आमिर खान, एशियन गेम्स खिलाड़ी निकिता चौधरी सहित कई गणमान्य अतिथियों ने समारोह की शोभा बढ़ाई।प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं वजन वर्गों में दमदार प्रदर्शन किया। इस स्टेट चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी गोवा में आयोजित होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।आयोजकों और कोचों ने खिलाड़ियों के अनुशासन, मेहनत और खेल भावना की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन प्रदेश में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## कुरेशी महासभा के जिला अध्यक्ष का इस्तकबाल

हमारा समाचार



सांभरलेक। कुरेशी महासभा के जयपुर जिला ग्रामीण पक्षिम के अध्यक्ष पद अब्दुल लतीफ कुरेशी फुलेरा का मनोनयन होने पर प्रथम बार सांभरलेक आगमन पर कुरेशी जमात खाने पर उनका माला एंव साफा बंधवाकर कॉम की तरफ से इस्तकबाल किया गया एंव संघटन मजबूती के लिए व कार्यकारिणी बनाने पर भी चर्चा की गई इस मौके चिरगुदीन कुरेशी, एडवोकेट अयूब कुरेशी, लाला कुरेशी, मुन्ना कुरेशी, रियाजुद्दीन कुरेशी,हकीम कुरेशी, इकरामुद्दीन कुरेशी, यूसुफ कुरेशी, सिकन्दर कुरेशी, सलाउद्दीन कुरेशी, इरफान कुरेशी, मंजूर कुरेशी, बाऊजी कुरैशी, नाजिम कुरेशी, टीपू कुरेशी, करीम कुरेशी, लल्लू कुरेशी, गब्बर कुरेशी, शाकिर कुरैशी व तमाम कुरेशी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सांभर फेस्टिवल की तैयारीयों को लेकर बैठक आयोजित हुई



हमारा समाचार

सांभरलेक। सांभर में मंगलवार को सांभर फेस्टिवल 3 2025 के आयोजन की तैयारीयों को लेकर नगर पालिका सभागार में बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने की इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने 27 से 31 दिसंबर प्रस्तावित सांभर फेस्टिवल की रूपरेखा प्रस्तुत की है बैठक में सभी संबंधित विभाग को आपसी समन्वय और सहयोग से कार्य करते हुए फेस्टिवल को भव्य सुव्यवस्थित बनाने पर जोर दिया अधिकारियों को ऐतिहासिक स्थलों पर साफ सफाई सुंदरता के निर्देश दिए इसके साथ ही प्रमुख सड़कों पर पेचवर्क और मरमत कार्य समय पर पूरा करने के लिए कहां गया है ऋषिराज कपिल ने कहा कि सांभर फेस्टिवल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देने के माध्यम है बल्कि यह स्थानीय संस्कृति परंपरा और विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी महत्वपूर्ण अवसर है देवयानी तीर्थ स्थल पर दीप उत्सव और महाआयोजन आरती के आयोजन के सामाजिक संगठनों एनसीसी और एनएनएस कार्यकर्ताओं के सहयोग से भव्य बनाने के निर्देश दिए सुरक्षा यातायात व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाएं बिजली आपूर्ति और स्वच्छताव्यवस्था को लेकर भी जिम्मेदारियां दी गई।

# गृहस्थ से श्रावक और श्रावक से ही बनता है साधु - आचार्य वर्धमान सागर

## आर्यिका महायशमति माताजी के अवतरण दिवस पर श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना,

### शीतल मति माताजी की चल रही है संल्लेखना

हमारा समाचार

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में सन्त निवास नसियां जैन मंदिर में आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ के के सानिध्य में आर्यिका महायशमति माताजी का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया। जिसमें श्रद्धालुओं ने जैन तीर्थंकरों एवं जैन आचार्यो की पूजा आराधना की। आचार्य वर्धमान सागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या महायशमति माताजी का 37 वां अवतरण दिवस श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा एवं मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि माताजी के अवतरण दिवस पर श्रद्धालुओं ने पाद प्रक्षालन, आरती, भजन कीर्तन, चालीसा व माताजी के समक्ष अष्ट द्रव्य समर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान जैन पाठशाला के बच्चों को पारितोषित वितरण



किया गया। इस दौरान पवन कंटान, नीतू छामुनिया, कमल सर्राफ, राजू सर्राफ, लोकेश जैन, मोहित चवरियां, सोनू छामुनियां, बीना छामुनिया, ममता जैन, मीनू बगड़ी, पल्लवी जैन, सुनिल भाणजा, जितेन्द्र चंवरिया, सुशील गिन्दोडी व पवन बोहरा सहित कई श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि संत निवास पर आर्यिका शीतलमति माताजी की संल्लेखना चल रही है जिनके दर्शनों के लिए भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार को आचार्य की निर्विघ्न आहारचर्या करवाने का सौभाग्य रमेशचंद व सुशील कुमार जैन को मिला। आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सम्यक दर्शन है, तो श्रावक है और श्रावक है तो सम्यक दर्शन है। इन दोनों का अनुबंध



है। यदि सम्यक दर्शन नहीं है तो निश्चित रूप से गृहस्थ है। उन्होंने कहा कि विषय कषायों के चक्कर में फंसा हुआ आदमी गृहस्थ है, श्रावक नहीं। जिसके पास धर्म ध्यान आदि क्रियाएं करने के लिए समय नहीं हो वह गृहस्थ है। गृहस्थ गलत कार्यों को भी आनन्द पूर्वक करता है और जिस दिन उसे गलत कार्यों में आनन्द नहीं आएगा वह श्रावक बन जाएगा। उसे खेद इसलिए नहीं क्योंकि भेद नहीं है। उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु है, वह श्रावक है। श्रद्धावान, विवेकवान और क्रियावान जिसमें यह तीनों नहीं है वह गृहस्थ है। गृहस्थ से ही श्रावक बनता है और श्रावक से ही साधु बनता है। आठ वर्ष में गृहस्थ श्रावक और साधु बन सकता है और सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यगचारित्र की पूर्णता करके आत्मा की शक्ति को प्रगट करके परमात्मा भी बन सकता है। इस दौरान सन्मति चंवरिया, महावीरप्रसाद पराणा, महेन्द्र चंवरिया, विष्णु बोहरा, हुकमचंद जैन, शंभु कठमाणा, राजेन्द्र बगड़ी, अमित कटारिया, राकेश संघी, हितेश छाबडा, गोलू चंवरिया, लालचंद कठमाणा, आशीष चंवरिया, राजेन्द्र सेदरिया, हेमंत चंवरिया, विमल सोगाणी, सुनिल गिंदोडी व नेमीचंद गंगवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान जिनवाणी मां की स्तुति की गई।

## सार्वजनिक संपति को नुकसान पहुंचाने का आरोपी गिरफ्तार

हमारा समाचार



**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने दतवास थाने के एक प्रकरण में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में प्रयुक्त ट्रैक्टर को भी जब्त किया है। थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि सार्वजनिक संपति को नुकसान पहुंचाने का आरोपी हेमराज गुर्जर निवासी रामचन्द्रपुरा थाना दतवास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को भी जब्त किया है।

## बजरी परिवहन मामले में एक गिरफ्तार,निवाई पुलिस की कार्रवाई

हमारा समाचार



**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करने के मामले में फरार चालक को गिरफ्तार करके एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी दयाराम गुर्जर निवासी सिरस को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार पुलिस ने एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया है।

## रेलवे ओवर ब्रिज के लिए अवाप्त भूमि पर आज होगी कार्यवाही



हमारा समाचार

**निवाई।** रेलवे ओवर ब्रिज के लिए अवाप्त भूमि पर से अपना कब्जा हटाने के लिए सक्षम प्राधिकारी एवं उपखंड अधिकारी ने 16 दिसंबर तक की समय सीमा तय कर दी थी। कब्जा नहीं हटाने पर 17 दिसंबर को प्रशासन कार्यवाही करने के आदेश जारी किए थे। भूमि अवाप्त प्राधिकारी एवं उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने बताया कि अर्जन, पुनर्वास, पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड निवाई द्वारा अवाप्त शुदा भूमि के मालिकों ने मुआवजा प्राप्त कर लिया। लेकिन अभी तक अपना कब्जा नहीं हटाया है। उक्त भूमि पर 17 दिसंबर को प्रशासन द्वारा बेदखली की कार्यवाही की जाएगी।

## शहरी समस्या समाधान शिविर आज से,नगरपालिका कार्यालय पर ही लगेंगे शिविर




हमारा समाचार

**निवाई।** नगर पालिका के तत्वावधान में शहरी समस्या समाधान शिविर 17 से 24 दिसंबर तक नगर पालिका कार्यालय में आयोजित होंगे। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि शिविर में शहरी सेवा अनुवर्ती शिविर 2025 में प्राप्त एवं शहरी समस्या समाधान में प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने शहर वासियों को शिविर में भाग लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त शिथिलता व छूट का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि सभी कैंप नगर पालिका कार्यालय पर ही आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को वार्ड 1 से 6 तक, 18 दिसंबर को वार्ड 7 से 12 तक, 19 दिसंबर को वार्ड 13 से 18 तक, 20 दिसंबर को वार्ड 19 से 24 तक, 22 दिसंबर को वार्ड 25 से 30 तक, 23 दिसंबर को वार्ड 31 से 36 तक व 24 दिसंबर को वार्ड 37 से 40 तक का शिविर आयोजित होगा।

## राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड में छठा ब्रिटिश पोलो डे 2025 संपन्न



हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड में मंगलवार को छठे ब्रिटिश पोलो डे (बीपीडी) 2025 का भव्य आयोजन किया गया। वर्ष 2019 के बाद पुनः आयोजित हुए इस प्रतिष्ठित पोलो आयोजन ने खेल प्रेमियों में खास उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। मुख्य मुकाबले में टीम जयपुर द्व ने टीम बीपीडी द्व को 6-4 के स्कोर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 3 गोल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं विक्रमादित्य सिंह बरकाना ने 2 और सिद्धांत शर्मा ने 1 गोल किया। टीम से कर्नल वी.एस. कहलों का खेल भी सराहनीय रहा। बीपीडी द्व की ओर से निक क्लार्क ने 3 और मैल्कॉम बोरविक ने 1 गोल किया। इससे पूर्व खेले गए मुकाबले में टीम बीपीडी द्वद्व और टीम जयपुर II के बीच मैच 4-4 की बराबरी पर समाप्त हुआ। जयपुर II की ओर से कुलदीप सिंह राठौड़ ने 2 गोल किए, जबकि प्रताप सिंह कानोता और मृत्युंजय सिंह चौहान ने 1-1 गोल किया। बीपीडी द्वद्व की ओर से लियोन डोनोसो ने सभी 4 गोल दागे

## सिरस में नाकेश्वर महादेव के मेले की तैयारियों को लेकर मेला समिति की बैठक आयोजित

### मेले को लेकर सजने लगी दुकाने

हमारा समाचार

**सिरस।** नाकेश्वर महादेव मंदिर नाका चौकी सिरस में मेला समिति की बैठक आयोजित हुई। समिति के कोषाध्यक्ष हरिराम गुर्जर व श्यामलाल योगी ने बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। इस वर्ष नाकेश्वर महादेव का दो दिवसीय वार्षिक मेला 19 व 20 दिसंबर को आयोजित होगा। 18 दिसंबर की रात मंदिर में मेले की वार्षिक भजन संध्या का आयोजन होगा। वार्षिक मेले को लेकर मेला समिति की बैठक में मंदिर परिसर में साफ सफाई व पेयजल व्यवस्था को लेकर समिति का गठन किया गया। बैठक में मेले का उद्घाटन समारोह 19 दिसंबर को सुबह 10 बजे रखा जाएगा। मेले को लेकर बाहरी दुकानदार भी अपने प्रतिष्ठान जमाने लग गए। मेला स्थल पर बच्चों के मनोरजन के लिए झुला चकरी व रेलगाडी को तैयार करने लग गए है। मेले में प्रसाद, फल-फ्रुट,



इलेक्ट्रोनिक उत्पाद, सोन्दर्य उत्पाद, गारमेन्टस कपडे व आर्टीफिशीयल ज्वेलरी एवं खाने-पीने के व्यंजन की दुकाने लगेगी। इस अवसर पर रामचंद्र पटेल, भंवर सिंह, कान सिंह, रामनिवास जाट, श्यामलाल योगी, रामरतन प्रजापत, बुद्धि प्रकाश पारीक, राजू जायसवाल, केदार योगी व छाजूलाल नाथ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसएमसी व एसडीएमसी का प्रशिक्षण आयोजित

हमारा समाचार



**निवाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरथला मे एसएमसी व एसडीएमसी आमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें पीईईओ भरथला के अधीनस्थ आठ विद्यालयों के एसएमसी सदस्य उपस्थित हुए। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ वार्ड मेंबर महेंद्र सिंह राजावत व भवानी शंकर गुर्जर व पीईईओ राकेश कुमार अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। प्रशिक्षण में दक्ष प्रशिक्षक हेमलता विजयवर्गीय द्वारा एसएमसी और एसडीएमसी के चयन की प्रक्रिया व उसके कार्यों पर चर्चा की। बाल संरक्षण, जेंडर संवेदनशीलता व विद्यालय स्वच्छता के बारे में चर्चा की गई। प्रधानाचार्य राकेशकुमार अग्रवाल ने मेरा गांव, मेरा विद्यालय के विकास पर विस्तृत चर्चा करते हुए एसएमसी सदस्यों को सक्रिय भागीदारी देने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में दक्ष प्रशिक्षक हेमलता विजयवर्गीय ने एक अच्छी एसएमसी के संकेतक पर चर्चा की।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

हमारा समाचार

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक व विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के डॉ. सुधीर वर्मा, प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन व विशिष्ट अतिथि एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. सीएल मीणा ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर सुधीर वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस विशेष शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ाना एवं उनके व्यक्तित्व का विकास करना है। इससे छात्रों में सामुहिक कार्य की भावना के विकास के साथ-साथ चारित्रिक सामाजिक व नैतिक मूल्यों का विकास भी होता है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सीएल मीणा ने स्वयंसेवक को राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्र निर्माण में भूमिका व उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के गुणों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी रूपा चौधरी ने बताया की




सात दिवसीय शिविर 22 दिसंबर तक गोद लिए गए गांव सकतपुरा एवं महाविद्यालय में आयोजित होगा। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिताओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कन्या महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य प्रीति जैन ने सभी स्वयंसेवकों को निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी रूपा चौधरी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य राजेशकुमार मीणा ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## शोरूम में घुस करके पिस्टल दिखा करके जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

हमारा समाचार



**टोंक।**जिले की पुरानी टोंक पुलिस ने 12दिसंबर को कामधेनू सर्किल स्थित यामाहा शोरुम मे पिस्टल निकालकर धमकाने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12दिसंबर 25 को परिवादी अलसेफ नद्धाफी पुत्र मोहमद रशीद पिंजारा ( 23 ) निवासी मोहल्ला चुडीगरान पुरानी टोंक हाल न्यू टोंक मोर्टस कामधेनू सर्किल जयपुर रोड टोंक ने उपस्थित होकर एक रिपोर्ट रिपोर्ट पेश की थी।जिसमें आरोप लगाया था कि अताउल्ला देशवाली द्वारा हाथ में पिस्टल लेकर शोरुम में आकर परिवादी पर पिस्टल तान दी एवं जान से मारने की धमकी दी थी।पुलिस ने पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के आदेशानुसार मामला दर्ज किया था। बाद में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव के मार्गदर्शन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त टोंक मृत्युञ्जय मिश्रा के निर्देशन में मन थानाधिकारी नेमीचन्द गोयल थाना पुरानी टोंक के नेतृत्व में टीम गठन करके जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश मय टीम के प्रकरण के वांछित मुल्जिम अताउल्ला उर्फ अताउल्लह पुत्र आबिद मियां देशवाली ( 33 )निवासी खिडकी दवाजा देशवाली मोहल्ला पुरानी टोंक हाल निवासी केप्टन कॉलोनी जयपुर रोड थाना पुरानी टोंक जिला टोंक राज को डिटेन किया जाकर गिरफ्तार किया है ।मुल्जिम से प्रकरण मे अनुसंधान जारी है। मुलजिम के विरुद्ध पूर्व में, थाना पुरानी टोंक, थाना सदर टोंक, थाना दादाबाडी कोटा में विभिन्न धाराओं में कुल 8 प्रकरण दर्ज है।

## निवाई-पीपलू विधायक श्री रामसहाय वर्मा ने जिला विकास प्रदर्शनी एवं अमृता हाट का किया अवलोकन

हमारा समाचार

**टोंक।** राज्य सरकार के दो पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्टेऊट परिसर स्थित अमृत हाट में लगाई गई जिला विकास प्रदर्शनी का निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने अवलोकन किया तथा प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं एवं कार्यो की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही जिन योजनाओं के लिए वह पात्र है उनका लाभ ले सकेगें। इस दौरान उन्होंने अमृता हाट मेले का अवलोकन किया तथा विभिन्न स्टोलो पर जाकर लगाई गई सामग्री की जानकारी ली।श्री वर्मा ने कहा कि उत्पाद निर्माण और मार्केटिंग स्टेज के साथ साथ इस प्रकार के आयोजन महिलाओं की आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक हैं। साथ ही राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मैरिंगटन सोनी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित अमृता हाट मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 41 स्वयं सहायता समूहों भाग ले रहे हैं। मेले के विविध आकर्षणों में कोटा



डोरिया से निर्मित परिधान सामग्री, जूट निर्मित सजावटी वस्तुएं, नारियल फाइबर से निर्मित सजावटी वस्तुएं, कैरी बैग,खिलौने, कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित खाद्य उत्पाद,मसाले,नमकीन,पापड़,आचार इत्यादि, हस्त निर्मित साबुन, डिटर्जेंट, स्नेट्री पैड, हस्त निर्मित आभूषण प्रदर्शनी आदि सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित/मूल्य संवर्धित उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन हेतु मंच प्रदान करने तथा ऐसे उत्पादों की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से अमृता एस. एच. जी. हाट बजारों का आयोजन किया जाता है। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय आयोजनों की सफलता के बाद जिला स्तरीय अमृता हाट का आयोजन भी 2016- 17 से किया जा रहा है। ये हाट बाजार दूरस्थ पंचायतों में स्थित स्वयं सहायता समूहों को जिला स्तर पर पहचान एवं रोजगार उपलब्ध करवाने की सफल पहल सिद्ध हुए हैं।

## एक्सिस बैंक आउटलुकः वित्त वर्ष 27 में भारत की जीडीपी 7.5% रहने का अनुमान

हमारा समाचार

**मुंबई।** एक्सिस बैंक के इकोनॉमिक आउटलुक 2026 के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.5' तक पहुंच सकती है, जो ट्रेंड और आम अनुमानों से अधिक है। एक्सिस बैंक के चीफ इकोनॉमिस्ट और एक्सिस कैपिटल के हेड-ग्लोबल रिसर्च नीलकंठ मिश्रा ने कहा कि यह तेज़ वृद्धि संरचनात्मक एवं नियामक सुधारों, कम उधारी लागत, तेज पूंजी निर्माण और नीतिगत समर्थन से संभव होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, अर्थव्यवस्था में मौजूद अतिरिक्त क्षमता के चलते महंगाई के दबाव के बिना भी उच्च वृद्धि बनाए रखना संभव है। वित्त वर्ष 27 में औसत महंगाई लगभग 4' रहने का अनुमान है। बेहतर वित्तीय स्थिति, कम पूंजी लागत और उच्च क्षमता उपयोग के कारण पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है। एक्सिस बैंक को उम्मीद है कि 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड यील्ड धीरे-धीरे 6' के करीब आ सकती है, जबकि रुपये की हालिया कमजोरी से भारत की बाहरी प्रतिस्पर्धात्मकता को समर्थन मिलेगा।

## विशेष एनएसएस शिविर में आध्यात्मिकता से व्यक्तित्व निर्माण पर प्रेरक सत्र

हमारा समाचार

**जयपुर।** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर में 16 से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। सप्ताहव्यापी इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। शिविर के प्रथम दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई, जिससे स्वयंसेवकों को मानसिक एवं शारीरिक ऊर्जा प्राप्त हुई। इसके पश्चात प्रेरक व्याख्यानों के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपने दायित्वों से अवगत कराया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने समीपवर्ती विद्यालयों में साक्षरता अभियान में भाग लिया तथा सामाजिक संदेशों के प्रचार हेतु नुक्कड़ नाटक का प्रशिक्षण प्राप्त किया।दिन का मुख्य आकर्षण स्वामी वृंदावन चंद्र दास का सत्र रहा, जिसमें उन्होंने 'आध्यात्मिकता के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण' विषय पर विचार साझा किए। डॉ. मनोज खुराना ने भी राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। शिविर का प्रथम दिवस प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।

## सम्पादकीय

### परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी से निवेश और जवाबदेही का नया अध्याय

परमाणु ऊर्जा विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी देश के इस क्षेत्र के लिए एक अहम कदम है। यह विधेयक संसद के मौजूदा सत्र में पेश किया जाना है। जानकारी के मुताबिक यह पहली बार परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के परिचालन में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरुआत के साथ जवाबदेही के विषय को हल करने से संबंधित है। विधेयक को सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया अथवा शांति का नाम दिया गया है और यह परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 तथा परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व (सीएलएनडी) अधिनियम 2010 में संशोधन कर सकता है।

इसके माध्यम से नियामकीय कमियों को दूर किया जाएगा और सक्षम विधिक ढांचा तैयार किया जाएगा ताकि इस क्षेत्र में 49 फीसदी तक निजी, खासकर विदेशी निवेश लाया जा सके। रणनीति यह है कि परमाणु ऊर्जा का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जा सके और कोयले पर बहुत अधिक निर्भर हमारे देश में कम कार्बन वाला विकल्प प्रस्तुत किया जा सके। फिलहाल जो नवीकरणीय ऊर्जा तकनीक हैं वे इसे टिकाऊ ढंग से हासिल करने में सक्षम नहीं हैं। विशुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य के करीब पहुंचने के लिए भारत छोटे मॉडुलर रिएक्टर्स (एसएमआर) पर दांव लगा रहा है जो करीब 300 मेगावॉट तक बिजली तैयार करते हैं और जिन्हें पारंपरिक बड़े रिएक्टर की तुलना में लगाना आसान है, सस्ता है और इसे काफी तेज गति से किया जा सकता है। सरकार ने एसएमआर पर शोध और उनके विकास के लिए 20,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ परमाणु ऊर्जा मिशन की घोषणा की है। इस मिशन के तहत वर्ष2033 तक कम से कम पांच एसएमआर का परिचालन शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया यात्रा के दौरान रूस के साथ व्यापक सहयोग इस रणनीति का एक महत्त्वपूर्ण तत्व है, क्योंकि इस क्षेत्र में रूस की उल्लेखनीय विशेषज्ञता है। भारत की परमाणु महत्त्वाकांक्षाएं स्वाभाविक रूप से व्यापक हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए निजी क्षेत्र के लिए एक जीवंत और सक्षम वातावरण बनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक होगा। इसके लिए धनराशि जुटाना भी एक चुनौती हो सकता है। देश का लक्ष्य स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8.8 गीगावॉट से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 100 गीगावॉट तक पहुंचाना है। ऊर्जा मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए 214 अरब डॉलर पूंजी की आवश्यकता होगी। इसके लिए किफायती दर पर पूंजी जुटाना आवश्यक है। वित्त मंत्रालय के अधीन आर्थिक मामलों के विभाग ने पहले परमाणु ऊर्जा को अपनी जलवायु वित्त वर्गीकरण (टैक्सोनॉमी) में शामिल करने का प्रस्ताव दिया था।

लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि घरेलू स्तर पर जुटाया गया धन सरकार द्वारा अपेक्षित पैमाने को हासिल करने के लिए पर्याप्त होगा या नहीं। वैश्विक स्तर पर परमाणु वित्त को लेकर काफी दुविधा है, जहां विभिन्न क्षेत्र और यहां तक कि उनके भीतर की संस्थाएं भी इसे ग्रीन टैक्सोनॉमी में शामिल करने के दृष्टिकोण में भिन्नता रखती हैं।

## सरकारी सिस्टम में भ्रष्टाचार रक्त बनकर दौड़ रहा है



रामगोपाल जाट
वरिष्ठ पत्रकार

कमिश्नखोरी, रिश्वत और भ्रष्टाचार आज किसी एक विभाग, एक सरकार या एक पार्टी की समस्या नहीं रह गए हैं, बल्कि यह पूरे सरकारी सिस्टम की नसों में दौड़ता हुआ ज़हर बन चुका है। ऐसा जहर, जो रक्त का स्थान ले चुका है, यानी सरकारी सिस्टम वाले इसके बिना जी भी नहीं सकते। यह ज़हर इतना गहरा उतर चुका है कि अब घोटाले अपवाद नहीं, बल्कि व्यवस्था का स्थायी चरित्र बनते जा रहे हैं। जिस सरकारी सिस्टम का उद्देश्य आम आदमी को राहत देना, सार्वजनिक धन का ईमानदार उपयोग करना और विकास को ज़मीन तक पहुंचाना था, वही सिस्टम आज लूट, मुनाफाखोरी और संगठित भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा अड्डा बन गया है। बाजार में 400-500 रुपये में आसानी से मिलने वाली छात्रों के लिए खरीदी जाने वाली एक साधारण दरी सरकार 15,000 रुपये में क्रय करती है और फिर भी कोई सवाल नहीं उठता, कोई ज़िम्मेदारी तय नहीं होती, कोई इस्तीफा नहीं होता। यह सिर्फ कीमत का अंतर नहीं है, यह उस नैतिक पतन का प्रमाण है, जिसमें सरकारी पैसा नेताओं, अफसरों और ठेकेदारों के बीच खुलेआम बांटा जा रहा है।

आज स्थिति यह है कि विधायक 30-40 फीसदी तक कमीशन को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने लगे हैं। सरकारी अधिकारियों के बिना फाइल आगे बढ़ ही नहीं सकती, और वह भी तब जब हर काम में 10 से 20 फीसदी का 'हिस्सा' तय कर दिया जाए। मंत्री स्तर पर 'मोटा माल' कोई अपवाद नहीं, बल्कि सत्ता का सबसे बड़ा आकर्षण बन चुका है। नीतियां भले ही जनता के नाम पर बनाई जाएं, लेकिन उनका असली उद्देश्य सत्ता के गलियारों में बैठे लोगों की तिजोरियां भरना होता है। आम आदमी को मंचों से, विज्ञापनों से और घोषणाओं से खुश किया जाता है, लेकिन जैसे ही वही योजना ज़मीन पर उतरती है, उसे रिश्वतखोरी और कमिश्नखोरी की दलदल में धकेल दिया जाता है।

सरकारें बार-बार 'जीरो टॉलरेंस' का दावा करती हैं, लेकिन यह दावा सिर्फ प्रेस कॉन्फ्रेंस और पोस्टरों तक सीमित रह जाता है। हकीकत यह है कि मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, सभी किसी न किसी रूप में सरकारी खजाने पर हाथ साफ करने की इस श्रृंखला का हिस्सा होते हैं–कोई सीधे, कोई परोक्ष रूप से। यदि कोई योजना कागज़ों में 1,000 करोड़ रुपये की बनती है, तो ज़मीन पर उसका 200 से 500 करोड़ भी ईमानदारी से नहीं उतरता। बाकी पैसा कमीशन, दलाली, फर्जी बिलिंग और घटिया खरीद के ज़रिए सिस्टम के भीतर ही निगल लिया जाता है। विडंबना यह है कि सरकारी खजाने से खर्च दस गुना दिखाया जाता है, फिर भी जनता को हल्का, घटिया और अल्प गुणवत्ता वाला सामान मिलता है।

यह भ्रष्टाचार सिर्फ पैसों की बर्बादी नहीं करता, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को खोखला करता है। जब नागरिक देखता है कि टैक्स का पैसा स्कूल, अस्पताल, सड़क और योजनाओं में नहीं, बल्कि नेताओं और अफसरों की संपत्ति में बदल रहा है, तो उसका भरोसा टूटता है। व्यवस्था पर से विश्वास उठने लगता है और यही स्थिति किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक होती है। भ्रष्टाचार यहां सिर्फ नैतिक समस्या नहीं, बल्कि एक संगठित आर्थिक अपराध बन चुका है, जो विकास की गति को धीमा करता है, सामाजिक असमानता को बढ़ाता है और आम आदमी को स्थायी रूप से हताशा में धकेल देता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि भ्रष्टाचार अब छिपकर नहीं होता, बल्कि खुलेआम होता है। ठेके तय हैं, रेट पहले से फुलाए गए हैं, कमीशन का प्रतिशत तय है और सबको अपना हिस्सा पता है। जो अधिकारी या कर्मचारी इस खेल का हिस्सा बनने से इनकार करता है, उसे या तो हाशिये पर डाल दिया जाता है या फिर प्रताड़ित किया जाता है। ईमानदारी आज योग्यता नहीं, बल्कि सिस्टम में जीने की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुकी है। यही कारण है कि धीरे-धीरे पूरा सिस्टम औसत या भ्रष्ट लोगों के हाथ में चला जाता है और ईमानदार लोग या तो चुप हो जाते हैं या बाहर कर दिए जाते हैं।

सरकारी खरीद का हाल देखें तो स्थिति और भी भयावह है। सामान महंगे दामों पर खरीदा जाता है, गुणवत्ता की जांच कागज़ों तक सीमित रहती है और भुगतान बिना सवाल किए कर दिया जाता है। स्कूलों में घटिया फर्नीचर, अस्पतालों में खराब उपकरण, सड़कों में पहली बारिश में गड्ढे, यह सब उसी भ्रष्ट खरीद प्रणाली का नतीजा है। जनता से वसूले गए पैसों से सरकारें विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर रही हैं। इस पूरी व्यवस्था में जवाबदेही नाम की कोई चीज़ बची नहीं है। जांच होती है तो सालों तक लटकी रहती है, रिपोर्ट आती है तो फाइलों में दफन हो जाती है और दोषी बच निकलते हैं। कभी-कभार कोई छोटा अधिकारी बलि का बकरा बना दिया जाता है, लेकिन असली लाभार्थी नेता, बड़े अफसर और ठेकेदार–हमेशा सुरक्षित रहते हैं। यह चयनात्मक कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार को बचाने की रणनीति बन चुकी है।

आज ज़रूरत इस बात की है कि भ्रष्टाचार को केवल भाषणों का मुद्दा न बनाकर, वास्तविक राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ उससे निपटा जाए, लेकिन सवाल यह है कि क्या वही लोग, जो इस लूट के सबसे बड़े हिस्सेदार हैं, खुद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे? जब सत्ता का प्रवेश टिकट ही पैसे और प्रभाव से मिलता हो, तो सत्ता में आकर ईमानदारी की उम्मीद करना खुद को धोखा देने जैसा है। जब चुनावी खर्च, राजनीतिक चंदा और सत्ता का गठजोड़ ही भ्रष्टाचार की जड़ बन चुका हो, तब सुधार के दावे खोखले लगते हैं। आम आदमी के सामने आज दोहरी मार है। एक तरफ महंगाई, बेरोजगारी और असुरक्षा, दूसरी तरफ उसी के पैसे से चलने वाली सरकार की खुली लूट। योजनाएं उसके नाम पर बनती हैं, लेकिन उनका लाभ उसे सबसे आखिर में, वह भी अधूरा और रिश्वत देकर मिलता है। यह स्थिति सिर्फ आर्थिक अन्याय नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध है, जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी गिरवी रख रहा है।

यदि यह सिलसिला यूं ही चलता रहा, तो सरकारें चाहे जितनी योजनाएं घोषित कर लें, चाहे जितने बड़े दावे कर लें, उनका कोई नैतिक आधार नहीं बचेगा। भ्रष्टाचार से लदी हुई व्यवस्था न तो विकास दे सकती है, न न्याय और न ही भरोसा। आज सवाल सिर्फ यह नहीं है कि कितने करोड़ लूटे गए, बल्कि यह है कि क्या यह देश इस संगठित लूट को अपनी नियति मान लेगा या फिर सत्ता से सच में जवाबदेही की मांग करेगा। जब तक कमीशनखोरी और रिश्वत को 'सिस्टम का हिस्सा' मानकर स्वीकार किया जाता रहेगा, तब तक जीरो टॉलरेंस सिर्फ एक जुमला रहेगा और लोकतंत्र सिर्फ नाम का रह जाएगा।


## ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमलाः वैश्विक आतंकवाद का भयावह चेहरा



सुनील कुमार महला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा साथ ही यह बात कही है कि- भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है। इधर,इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात कही है कि, यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदी-विरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदी-विरोधी भावना तब फैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी। बहरहाल, गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 2.8 करोड़ आबादी में करीब 1.17 लाख यहूदी रहते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के सिडनी में बोंडी बीच (समुद्र तट) पर हमलावरों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में इजरायली नागरिक समेत 16 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 29 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार घायलों में एक बच्चा और दो पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।आस्ट्रेलिया पुलिस ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।कितनी बड़ी बात है कि बोंडी बीच में आर्चर पार्क के पास,जो कि भीड़-भाड़ वाली जगह है (ऑस्ट्रेलियन ईस्टर्न डेलाइट टाइम के मुताबिक़ शाम को क़रीब 6 बजकर 47 मिनट पर) दो लोगों की ओर से सार्वजनिक जगह पर गोलीबारी की गई और इलाके को दहला दिया गया। बताया जा रहा है कि आस्ट्रेलिया में हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर यह आतंकी हमला हुआ है, जो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। हालांकि, पुलिस की गोलीबारी में एक हमलावर भी मारा गया है तथा दूसरा घायल बताया जा रहा है, जिसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है, लेकिन आस्ट्रेलिया में हुई यह आतंकी घटना साफ संकेत देती है कि आस्ट्रेलिया भी कहीं न कहीं अन्य देशों की भांति आतंकवाद का शिकार है। पाठकों को बताता चलूं कि एक हमलावर की पहचान पाकिस्तानी मूल के 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई है तथा दुनियाभर के नेताओं ने इस आतंकी हमले की घोर निंदा की है। स्वयं आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कैनबरा में पत्रकारों से कहा कि वह इस नरसंहार से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, %यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी आस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया हमला है। यह यहूदी-विरोधी और आतंकी कृत्य है जिसने आस्ट्रेलिया के दिल पर हमला किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा साथ ही यह बात कही है कि- भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है। इधर,इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात कही है कि, यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदी-विरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदी-विरोधी भावना तब फैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी। बहरहाल, गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 2.8 करोड़ आबादी में करीब 1.17 लाख यहूदी रहते हैं।



सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इज़रायल पर किए गए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सरकार की विशेष दूत जिलियन सेगल के अनुसार, इन घटनाओं की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो गई है, जिनमें हमले, तोड़फोड़, धमकियां और लोगों को डराने की घटनाएं शामिल हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछली गर्मियों में सिडनी और मेलबर्न जैसे बड़े शहरों में हुए यहूदी विरोधी हमलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 85 प्रतिशत यहूदी आबादी इन्हीं शहरों में रहती है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अगस्त में ऐसे दो हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था और उसके साथ राजनयिक संबंध भी तोड़ दिए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं आम नहीं हैं। 1996 में तस्मानिया के पोर्ट आर्थर में हुई भयावह गोलीबारी के बाद, जिसमें 35 लोग मारे गए थे, सरकार ने हथियार कानूनों(गन ला) को बेहद सख्त बना दिया था। इसके बाद से आम लोगों के लिए बंदूक हासिल करना बहुत कठिन हो गया। इस सदी में गोलीबारी की गिनी-चुनी बड़ी घटनाओं में 2014 और 2018 के कुछ हत्या-आत्महत्या के मामले और 2022 में क्वींसलैंड में हुई एक गोलीबारी शामिल हैं। कुल मिलाकर, देश में हिंसा की घटनाएं कम हैं, लेकिन हाल के वर्षों में यहूदी विरोधी हमलों ने गंभीर चिंता पैदा की है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के दौर में यह साफ दिखाई दे रहा है कि आतंकवादी अब भीड़भाड़ वाले स्थानों को निशाना बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक जान-माल का नुक़सान कर सकें। गौरतलब है कि विश्व में आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित (शिकार) देशों में आज क्रमशः अफगानिस्तान, पाकिस्तान,इराक, सीरिया, नाईजीरिया, सोमालिया, भारत,यमन,माली तथा फिलीस्तीन-इजराइल क्षेत्र शामिल हैं।अफगानिस्तान दशकों से तालिबान, आईएस जैसे संगठनों की हिंसा का केंद्र रहा है। वहीं पर पाकिस्तान आतंकी संगठनों, आत्मघाती हमलों और सीमा-पार आतंकवाद से गंभीर रूप से प्रभावित रहा है।इराक आईएस (इस्लामिक स्टेट) के उदय के बाद भारी आतंकी हिंसा झेल चुका तथा गृहयुद्ध के साथ आतंकवादी संगठनों की सक्रियता ने सीरिया को तबाह किया है।नाइजीरिया का उत्तर-पूर्वी इलाका जहां बोको हराम जैसे आतंकी संगठन से बुरी तरह से प्रभावित है, वहीं पर हमारा देश भारत सीमा-पार आतंकवाद, कश्मीर और बड़े शहरों में हुए आतंकी हमलों से प्रभावित है।गृहयुद्ध और आतंकी गुटों की मौजूदगी के कारण यमन में भारी संकट है तो माली (सहेल क्षेत्र में सक्रिय आतंकी संगठनों के कारण) हिंसा का शिकार है।फिलिस्तीन/इज़राइल क्षेत्र तो लंबे समय से संघर्ष और आतंकी हमलों का सामना कर ही रहा है और यह बात किसी व्यक्ति विशेष से छिपी हुई नहीं है।सच तो यह है कि आतंक की समस्या आज केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कई देश इसकी चपेट में हैं। हालिया मामला ऑस्ट्रेलिया का है, जहां सिडनी में यहूदी समुदाय पर किया गया हमला पूरे देश को झकझोर देने वाला साबित हुआ

## विश्व कप नहीं, राष्ट्र का उत्सवः भारतीय स्क्वैश का स्वर्णाभिषेक



प्रो. आरके जैन

14 दिसंबर 2025 की उस उत्साह से भरी चेन्नई की जीवंत शाम, जब एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल का शीशे से घिरा स्क्वैश कोर्ट तिरंगे की गूंज से थर्रा उठा। भारत ने खेल इतिहास में एक ऐसा अध्याय रच दिया जो केवल रिकॉर्ड पुस्तकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पीढ़ियों की स्मृतियों में स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। यह क्षण मात्र विश्व कप जीतने का नहीं, बल्कि उस सपने की पूर्णता था जिसे भारतीय स्क्वैश वर्षों से संजोए हुए था। टॉप सीड हांगकांग चीन को फाइनल में एकतरफा 3-0 से परास्त कर भारत न सिर्फ विश्व चैंपियन बना, बल्कि इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर अधिकार जमाने वाला एशिया का पहला देश भी। यह जीत साहस, रणनीति, धैर्य और अदम्य इच्छाशक्ति की सामूहिक विजयगाथा थी।

यह खिताब इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। ग्रुप स्टेज में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को 4-0 से रौंदना हो, क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से बाहर करना हो, सेमीफाइनल में दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन मिस्र को बिना एक भी मैच गंवाए हराना हो, या फाइनल में हांगकांग जैसी मजबूत टीम को पूरी तरह निष्प्रभावी करना—हर चरण में भारत ने अपनी सर्वोच्चता स्थापित की। एक भी टाई गंवाए बिना यह अभियान भारत को ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र के बाद विश्व कप जीतने वाला केवल चौथा देश बनाता है, और एशिया में उसे निर्विवाद अग्रदूत के रूप में स्थापित करता है।

फाइनल की शुरुआत भारत की अनुभवी योद्धा, 39 वर्षीय जोशना चिनप्पा से हुई। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर होने के बावजूद उन्होंने 37वीं रैंकिंग वाली का यी ली को 7-3, 2-7, 7-5, 7-1 से पराजित कर अनुभव की शक्ति का सशक्त प्रमाण दिया। तीसरे गेम में निर्णायक क्षणों में धैर्य और रणनीति से बाजी पलटना और चौथे गेम में प्रतिद्वंद्वी को महज एक अंक पर रोक देना—यह प्रदर्शन केवल तकनीकी श्रेष्ठता नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता की जीत था। चेन्नई की अपनी बेटी जोशना घरेलू दर्शकों के जोशीले समर्थन से प्रेरित दिखीं और उन्होंने इसे अपने करियर की शीर्ष पाँच प्रस्तुतियों में शामिल बताया। यह जीत उस खिलाड़ी की कथा थी जिसने उम्र को कभी अपनी सीमा नहीं बनने दिया।

इसके बाद जब अभय सिंह कोर्ट पर उतरे, तो मुकाबले की गति ही बदल गई। युवा जोश और निर्भीक आक्रमण उनके हर शॉट में झलक रहा था। विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज अभय ने हांगकांग के एलेक्स लाउ को महज 19 मिनट में 7-1, 7-4, 7-4 से सीधे गेमों में परास्त कर भारत को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। उनकी जबरदस्त फिटनेस, बिजली-सी फुर्ती और निशाने पर लगते शॉट्स ने प्रतिद्वंद्वी को पलटवार का अवसर तक नहीं दिया। चेन्नई के इस स्थानीय नायक ने जीत को अविश्वसनीय बताते हुए कहा कि दर्शकों का अपार स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। निर्णायक मुकाबले में 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने उतरते ही यह जता दिया कि भारतीय स्क्वैश का भविष्य कितना उज्ज्वल है। विश्व रैंकिंग में 28वें स्थान पर काबिज इस युवा सनसनी ने एशियन चैंपियन टोमाटो हो (रैंक 31) को 7-2, 7-2, 7-5 से पराजित कर खिताब पर अंतिम मुहर लगा दी। पहले दो गेमों में उनका दबदबा और तीसरे गेम में दबाव के क्षणों में दिखाया गया संयम असाधारण था। महज 16 मिनट में दर्ज इस जीत ने स्पष्ट कर दिया कि वह केवल एक प्रतिभा नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की नेतृत्वकर्ता है। टीम के चौथे सदस्य वेलवन सेंथिलकुमार को कोर्ट पर उतरने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी—इतनी निर्णायक थी भारतीय टीम की बढ़त।

यह विजय अनेक अर्थों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। वर्ष 2023 में इसी वेन्यू पर भारत ने जहां कांस्य पदक हासिल किया था, वहीं महज दो वर्षों के भीतर उसी मंच पर स्वर्ण तक पहुंचना भारतीय स्क्वैश के तेज़ और ठोस विकास का सशक्त प्रमाण है। कोच हरिंदर पाल संधु ने इसे उच्च दबाव में परफेक्ट प्रदर्शन करार दिया—ऐसा प्रदर्शन जिसमें रणनीति की स्पष्टता, अनुशासन की गहराई और आत्मविश्वास की चमक एक साथ दिखाई दी। यह जीत भारतीय खेल तंत्र की उस परिपक्वता को रेखांकित करती है, जहां लक्ष्य अब केवल प्रतिस्पर्धा करना नहीं, बल्कि निरंतर वर्चस्व स्थापित करना बन चुका है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि स्क्वैश 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदार्पण करने जा रहा है।

## परमाणु साझेदारी की नई रोशनी- भारत-रूस डील से ऊर्जा, रक्षा और शहरीकरण में ऐतिहासिक मोड़



डॉ नयन प्रकाश गांधी

यह ऊर्जा-रक्षा तालमेल भारत को वैश्विक राजनीति में संतुलित कूटनीति की ताकत देता है। SMR व फ्लोटिंग प्लांट्स पर वैश्विक सुरक्षा चिंताएँ, तटीय पारिस्थितिकी, कचरा प्रबंधन व जनसहमति सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम पारदर्शिता अनिवार्य है। भारत को रूस पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए अपने मेक इन इंडिया और PHWR कार्यक्रमों को मजबूत करना होगा। भारत और रूस ने हाल ही में आयोजित 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में असैन्य परमाणु सहयोग को एक अभूतपूर्व स्तर पर ले जाने का ऐतिहासिक फैसला लिया, जिसकी धुरी तमिलनाडु का कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। जहाँ रूस छह VVER-1000 रिएक्टर स्थापित कर रहा है, जिनमें से दो पहले ही सफलतापूर्वक बिजली उत्पादन कर रहे हैं और कुडनकुलम-3 के लिए रूस द्वारा हालिया ईंधन की आपूर्ति इस साझेदारी की गंभीरता को दर्शाती है। दोनों देशों के साझा बयान ने ईंधन चक्र, रिएक्टरों के पूरे जीवनचक्र समर्थन और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (स्मॉल) व फ्लोटिंग न्यूक्लियर प्लांट जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर लंबी साझेदारी का खाका खींचा है। भारत के 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु क्षमता के लक्ष्य को साधने में यह सहयोग महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से तेज शहरीकरण के दौर में, जहाँ कुडनकुलम की 6000 मेगावॉट क्षमता दक्षिण भारत की ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करेगी, जबकि स्मॉल और फ्लोटिंग प्लांट्स तटीय व द्वीपीय क्षेत्रों को कार्बन-मुक्त बिजली देकर सतत विकास लक्ष्यों को गति प्रदान करेंगे। जैसे-जैसे औद्योगिक कॉरिडोर और स्मार्ट सिटीज़ आकार ले रही हैं, स्वच्छ ऊर्जा की यह साझेदारी प्रदूषण घटाकर और कोयला निर्भरता कम करके भारत को %सस्टेनेबल अर्बन ग्रोथ मॉडल% का वैश्विक प्रतीक बना सकती है। ऊर्जा के साथ ही रक्षा क्षेत्र में भी यह डील रणनीतिक गहराई जोड़ती है, जहाँ भारत की 60-70 प्रतिशत सैन्य प्रणालियाँ रूसी मूल की होने के कारण, संयुक्त अनुसंधान, विकास व भारत में स्पेयर पार्ट्स निर्माण पर जोर देकर पश्चिमी प्रतिबंधों और आपूर्ति जोखिमों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। राष्ट्रपति पुतिन द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को %वैश्विक राजनीति का दूरदर्शी नेता% कहकर प्रशंसा करना, इस ऊर्जा-रक्षा तालमेल की कूटनीतिक महत्ता को पुष्ट करता है, जो भारत को अमेरिका, यूरोप व रूस के बीच संतुलित कूटनीति की ताकत प्रदान करता है।

हालांकि, स्मॉल और फ्लोटिंग प्लांट्स से जुड़ी वैश्विक सुरक्षा चिंताएँ, तटीय पारिस्थितिकी, कचरा प्रबंधन व जनसहमति जैसे सवालों पर उच्चतम पारदर्शिता आवश्यक है, साथ ही भारत को रूस पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए अपने मेक इन इंडिया और फास्ट रिएक्टर कार्यक्रमों को मजबूत करना होगा। यदि कुडनकुलम के सभी रिएक्टर समय पर चालू हों, दूसरा पार्क आकार ले और नई तकनीके वैज्ञानिक मानकों से लागू हों, तो यह साझेदारी ऊर्जा क्रांति, सतत शहरीकरण व रक्षा आत्मनिर्भरता का गेम-चेंजर सिद्ध होगी, बशर्ते समयबद्ध क्रियान्वयन हो।

**लेखक परिचय**

डॉ नयन प्रकाश गांधी देश के प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई के एलुमनाई रहे है ,और पूर्व सतत् विकास अर्बन सस्टेनेबल डेवलपमेंट ,अर्बन रीजनल प्लानिंग आदि क्षेत्र में रिसर्च में भी संलग्न है ।पूर्व में राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ,आर्थिकी सांख्यिकी विभाग में प्रोजेक्ट पर रह चुके है ।

आरएसी जवान ने नाबालिग से की रेप की कोशिश

## नौकरी के बहाने बुलाया था घर, लड़की की चीख सुन लोगों ने बचाया



**धौलपुर**

राजस्थान के धौलपुर में RAC के बर्खास्त जवान ने नौकरी के बहाने घर बुलाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म की कोशिश की है. लड़की के चीखने-चिल्लाने पर कॉलोनी के लोग मौके पर पहुंचे तो बर्खास्त आरएसी जवान फरार हो गया है. घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे आरएसी जवान के परिजनों के साथ कॉलोनी के लोगों ने मारपीट की है. फिलहाल पुलिस ने मामले को शांत करवा दिया है. जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना इलाके की पोखर कॉलोनी में बर्खास्त आरएसी जवान ने करीब 16 साल की लड़की के साथ बलात्कार की कोशिश की. बताया जा रहा है कि बर्खास्त आरएसी के जवान राजेंद्र सिसोदिया ने नौकरी दिलाने के बहाने बसेड़ी थाना इलाके की एक नाबालिग लड़की को अपने घर पर बुला लिया था. आरोपी ने लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया. आरोपी की हरकतों को देख लड़की ने बचाने के लिए चीख पुकार मचाई, जिसके बाद कॉलोनी के काफी सारे लोग मौके पर पहुंच गए. जिन्होंने लड़की को आरोपी के चंगुल से मुक्त करा लिया, लेकिन आरोपी मौके से भाग गया. इसी दौरान आरोपी पक्ष के परिजन मामले को रफा दफा करने के लिए मौके पर पहुंच गए, लेकिन कॉलोनी के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया. एक महिला और एक पुरुष के साथ मारपीट कर दी. सूचना पर सीओ सिटी कृष्णा राज मौके पर पहुंच गए. जिन्होंने लड़की को कस्टडी में लेकर मामले को शांत कराया है. उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा. लड़की के परिजनों को बुलाया है. पर्चा बयान लिए जायेंगे. जानकारी मिली कि आरएसी का जवान राजेंद्र सिसोदिया 1 साल पहले बर्खास्त हो चुका है. जिसके खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है.

एमजी अस्पताल में भर्ती

## बांसवाड़ा में चाय-बिस्किट खाने से 5 बच्चों व एक किशोर की तबीयत बिगड़ी



**बांसवाड़ा**

आंबापुरा थाना क्षेत्र के संगेसेरी गांव में चाय और बिस्किट खाने के बाद एक ही परिवार के 5 बच्चों और एक किशोर की तबीयत अचानक बिगड़ गई. सभी को उल्टियां होने लगीं, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी. मौके पर पहुंची एंबुलेंस सभी को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल बदरेल लेकर पहुंची. बदरेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सोमवार दोपहर सभी मरीजों को एमजी अस्पताल बांसवाड़ा रेफर कर दिया गया, जहां उन्हें वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया. परिजनों के अनुसार पीड़ितों की पहचान मनोज पुत्र मडिया, अतुल पुत्र मडिया, प्रियंका पुत्री मडिया, कालु पुत्र पंकज, अंजली पुत्री पंकज और अक्षीत पुत्र बलवीर निवासी संगेसेरी के रूप में हुई है. सभी बच्चे एक ही परिवार से संबंधित हैं. परिजनों ने बताया कि सभी ने एक साथ चाय के साथ बिस्किट खाए थे, इसके कुछ ही समय बाद सभी को उल्टियां शुरू हो गईं, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई. गंभीर बात यह रही कि जब एंबुलेंस बच्चों को लेकर एमजी अस्पताल पहुंची और शिशु रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में ले जाया गया, तो वहां कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं मिला. आनन-फानन में परिजन बच्चों को वार्ड की ओर लेकर भागे, जहां मौजूद नर्सिंग स्टाफ ने तत्काल इलाज शुरू किया. जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में ड्यूटी टाइम के दौरान चिकित्सक का मौके पर नहीं मिलना स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है. परिजनों और आमजन में इसे लेकर नाराजगी देखी गई.

जमीन लेकर मारने से अच्छा, सरकार मिलिट्री से मरवा दें

## नागौर में आरएसएमएमएल के जमीन अधिग्रहण के विरोध में उतरे किसान



**नागौर**

सरकार हमारी जमीनों का अधिग्रहण करके हमारी जान लेने की बजाय मिलिट्री लगा कर हमें मरवा दे तो ज्यादा अच्छा होगा। यह कहना है नागौर जिला मुख्यालय के नजदीकी गांवों के किसानों का, जिनकी जमीन का अधिग्रहण होने की संभावना है। नागौर जिला मुख्यालय के निकटवर्ती 6 गांवों के किसान राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल लिमिटेड द्वारा उनकी पुश्तैनी जमीन का अधिग्रहण करने के खिलाफ है। किसानों ने आज विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और कहा कि सरकार हमारी रोजी-रोटी छीनने की कोशिश कर रही है, जो हमें किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं है। पलनवासी, मकोड़ी, ढकोरिया, गंठिलासर, बालासर और भदवासी गांवों के सैकड़ों किसानों ने अपनी जमीनें बचाने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। किसानों का कहना है कि सरकार जिन 557 किसानों की सहमति की बात कर रही है, वह सरासर झूठ है। यहां मौजूद कोई भी किसान अपनी जमीन देने को तैयार नहीं है। किसानों ने कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- आरएसएमएमएल के कर्मचारियों ने उन्हें धोखे में रखकर सर्वे किया। वे फसल खराबे का मुआवजा दिलाने के नाम पर आए थे, और अब पता चला है कि हमने जमीन अधिग्रहण की स्वीकृति दे दी है। किसानों ने कहा कि यह जमीन हमारी सदियों पुरानी आजीविका का जरिया है। किसानों का कहना है कि सरकार हमारी जमीनों का अधिग्रहण कर हमें उजाड़ने की बजाय मिलिट्री लगाकर हमें मरवा दे तो ज्यादा अच्छा होगा। बता दें कि आरएसएमएमएल द्वारा जिप्सम खनन के लिए भूमि अधिग्रहण की जा रही है। जानकारी के अनुसार, इन छह गांवों के 274 खसरों की कुल 463 हेक्टेयर भूमि अवाप्ति के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

# ग्रामीण बोले- रोते घूमने से बीजेपी की सीट नहीं आएगी: जालोर के आहोर में सरकार के विकास रथ को रोका, एलईडी टीवी बंद करवाई

**जालोर**

जालोर में ग्रामीणों ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाने के लिए घूम रहे विकास रथ को रोक दिया। रथ पर लगाए गए एलईडी टीवी को बंद करवा दिया। कहा- सरकार ने 2 साल में कोई काम नहीं किया। ऐसे रोते घूमने से बीजेपी की आहोर विधानसभा की सीट नहीं आएगी। पूरा वाकया आहोर विधानसभा के सांकरणा गांव में आज (सोमवार) सुबह करीब 11 बजे हुआ, जिसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें सरकार के कामकाज को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा भी साफ दिखाई दे रहा है। दरअसल, राजस्थान में भाजपा सरकार के 2 साल पूरे होने पर शनिवार 13 दिसंबर को जालोर में प्रभारी मंत्री के.के विश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर 5 विकास रथ रवाना किए थे। यह जिले के 5 विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर सरकार की 2 साल की उपलब्धियां को दिखा रहे हैं। विकास रथ घूमते हुए आज सोमवार सुबह आहोर विधानसभा के सांकरणा गांव पहुंचा। जहां ग्रामीणों ने रथ को रुकवा कर विकास रथ पर लगी एलईडी टीवी को बंद करवा दिया। ग्रामीणों ने कहा- राजस्थान में बीजेपी फिलहाल कोई काम नहीं कर रही हैं। अब बीजेपी की स्थिति एकदम खराब है। 10 प्रतिशत लोग भी बीजेपी के साथ नहीं है। ऐसे रोते घूमने से बीजेपी की आहोर विधानसभा की सीट नहीं आएगी। भले भजनलाल आए या आहोर विधायक आए। फिल्ड में काम दिखेगा, तो लोग वोट देंगे, वर्ना कोई वोट नहीं देगा। सरकार ने 2 साल में सांकरणा गांव में 1 रुपए का भी विकास नहीं कराया है। ग्रामीण खेतसिंह ने बताया- सांकरणा गांव में पिछले 2 साल से कोई विकास नहीं हुआ है। जब आज रथ सांकरणा गांव में पहुंचा, तो ग्रामीणों ने उसका विरोध किया और करीब 2 घंटे तक चली चर्चा के बाद विकास रथ को वहां से भेज दिया। गांव में नहीं घूमने नहीं दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग को मंत्री बनाया, लेकिन वे अपने क्षेत्र में कोई काम नहीं कर रहे। आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित भी कोई काम नहीं कर रहे। स्कूल में टीचर नहीं होने की शिकायत की थी, उसका भी अभी तक समाधान नहीं किया गया। सांकरणा से जलदाय विभाग में कोई स्टाफ नहीं, अब कोई भी काम होगा, तो लोग जुड़ेंगे, नहीं तो नहीं जुड़ेंगे। ग्रामीणों ने कहा- सभी लोग आज बीजेपी के खिलाफ हो रखे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि विकास रथ घुमाने से लोगों को क्या फायदा होगा। सरकार आमजन का पैसा फिजूल में खर्च कर रही हैं। काम होगा, तो अपने आप ही दिख जाएगा। यहां तो गांवों में पानी छोड़ने के लिए और बिजली की समस्या के लिए भी स्टाफ नहीं है। सांकरणा में सर्दी के सीजन में भी 10-15 दिन में पानी की सप्लाई हो रही हैं। ग्रामीणों ने कहा- विकास रथ में शिकायत पेटिका लगी हुई है, उसमें शिकायत लिखकर डाल दो।





### विकास रथ को ग्रामीणों ने रुकवाया

दरअसल, जालौर के आहोर विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी के विकास रथ का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में सांकरणा गांव में एक रुपये का भी विकास नहीं कराया. केवल प्रचार कर लेने से भाजपा को आहोर विधानसभा की सीट नहीं मिलेगी. ग्रामीणों का कहना था कि मैदान में काम दिखेगा, तभी वोट मिलेगा, चाहे मुख्यमंत्री आएं या स्थानीय विधायक. विकास रथ के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने उसे रुकवा लिया. करीब दो घंटे तक चर्चा और विरोध के बाद ग्रामीणों ने रथ को गांव में घूमने नहीं दिया और वापस लौटा दिया. ग्रामीण खेतसिंह ने बताया कि गांव में पिछले दो साल से न तो कोई नया विकास कार्य हुआ और न ही बुनियादी समस्याओं का समाधान किया गया. यही वजह है कि ग्रामीणों में सरकार को लेकर गहरा आक्रोश है.

### 10-15 दिन में एक बार पानी की सप्लाई

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जलदाय विभाग में स्टाफ नहीं, सर्दी के मौसम में भी 10-15 दिन में एक बार पानी की सप्लाई, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, बिजली और अन्य विभागों में भी गंभीर अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं. ग्रामीणों ने कहा कि विकास रथ घुमाने पर आमजन का पैसा फिजूल खर्च किया जा रहा है. काम होगा तो खुद-ब-खुद दिख जाएगा, प्रचार की जरूरत नहीं पड़ेगी. घटना की सूचना पर आहोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से समझाइश की. हालांकि पूरे घटनाक्रम में किसी तरह का विवाद या हिंसा नहीं हुई. इधर, जिले के मोदरान, सेरना और धानसा गांवों को भीनमाल पंचायत समिति से अलग कर जसवंतपुरा पंचायत समिति में जोड़ने के प्रस्ताव का भी ग्रामीणों ने विरोध किया है. ग्रामीणों ने इसे जनभावनाओं के विपरीत बताते हुए निर्णय वापस लेने की मांग की है. हालात को देखते हुए डीएसपी शंकरलाल मंसूरिया सहित पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में गश्त की.

# *झुंझुनूं में 100 करोड़ की एमडी ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़, महाराष्ट्र पुलिस ने मुख्य आरोपी को दबोचा*

**झुंझुनूं**



महाराष्ट्र पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने राजस्थान के झुंझुनूं जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स बनाने वाली अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। धनूरी थाना क्षेत्र के नांद का बास गांव में खेत के भीतर बने एक मुर्गी फार्म में संचालित इस फैक्टरी से करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स से जुड़े साक्ष्य सामने आए हैं। कार्रवाई में 10 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, भारी मात्रा में केमिकल और निर्माण उपकरण जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, फैक्टरी नांद का बास गांव में एक सुनसान खेत में बने मुर्गी फार्म के खाली कमरे में चलाई जा रही थी। बदबू और एकांत स्थान की जरूरत का हवाला देकर फार्म किराए पर लिया गया था। यहीं मुर्गियों के दाने रखने वाले कमरे में ड्रग्स निर्माण की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। यह कार्रवाई मीरा-भायंदर, वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस की एएनसी टीम ने की। पुलिस ने बताया कि 4 अक्तूबर को ठाणे जिले में एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ छह आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नेटवर्क की जांच आगे बढ़ी। पूछताछ में झुंझुनूं का लिंक सामने आया, जिसके बाद मुख्य आरोपी अनिल विजयपाल सिहाग की पहचान हुई। महाराष्ट्र पुलिस ने 14 दिसंबर 2025 को अनिल विजयपाल सिहाग को सीकर से गिरफ्तार किया। इसके बाद नांद का बास स्थित मुर्गी फार्म पर छापा मारकर फैक्टरी का खुलासा किया गया। मौके से एमडी ड्रग्स के साथ केमिकल और उपकरण जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार पुत्र विजयपाल, उम्र करीब 31 वर्ष, नांद का बास गांव का निवासी है और 12वीं पास है। खेतीबाड़ी उसका मुख्य व्यवसाय रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि वह पहले भी डोडा पोस्ट तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पूछताछ में अनिल ने बताया कि उसके पुराने जानकार बिज्जू उर्फ जग्गा, निवासी नेतड़वास, सीकर, ने एमडी ड्रग्स बनाने के लिए जगह देने का लालच दिया था। 26 नवंबर 2025 को बिज्जू आवश्यक सामान लेकर फार्म पहुंचा और फैक्टरी शुरू की गई।

## मकान छज्जे को लेकर दो पक्ष भिड़े, 13 घायलः धारदार हथियार निकाले



**टोंक**

टोंक शहर के पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में सोमवार को एक समुदाय के दो पक्षों के बीच मकान के छज्जे को लेकर सोमवार को हुए विवाद में खूनी संघर्ष हों गया। एक दूसरे पर हथियारों से हमला कर दिया। इसमें दोनों पक्ष के 6 महिला पुरुष घायल हो गए। उन्हें सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उधर इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी ली और मामला और आगे बढ़ने से रोका। बताया जा रहा की निर्माणाधीन मकान के छज्जे को लेकर दो गुटों में कहासुनी हो गई। दोनों पक्ष के लोगों ने धारदार हथियारों से एक दूसरे पर हमला कर दिया। पुरानी टोंक थाना प्रभारी नेमीचंद गोयल का कहना है कि चूडीगरान मोहल्ले में सरदार अपने मकान में तीसरी मंजिल बनवा रहा है। जिसकी छत भरने के लिए लगाया गया फंटा 6 इंच दूसरे पक्ष पड़ोसी अब्दुल शकूर की ओर बाहर होने से पर अब्दुल गफूर ने ऑब्जेक्शन किया। इसको लेकर आज सुबह करीब 11 बजे दोनों पक्ष में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों घरों से हथियार निकाल कर ले आए और एक दूसरे पर हमला कर दिया। इसमें सरदार के ज्यादा चोट आई हैं। झगड़े में एक पक्ष के सरदार देसवाली, फरहान, शहजादा, मेहराज , अरबाज,सरफराज और जिबरान के भी चोटे आई है। दूसरें पक्ष के अब्दुल शकूर, मेहबूब, महफूज, वजीर घायल है, इस गुट की फरजाना के भी चोट आई है।

# चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल के बाद चला सर्च ऑपरेशन; मामला दर्ज

**चित्तौड़गढ़**



चित्तौड़गढ़ में सोमवार को कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने कलेक्ट्रेट परिसर को घेरते हुए व्यापक तलाशी अभियान चलाया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह ने बताया कि जिला कलेक्टर की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ था, जिसमें कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। ईमेल मिलते ही जिला प्रशासन ने तुरंत पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना के बाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई। एसपी कार्यालय से जिला विशेष शाखा, उदयपुर मुख्यालय से बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और डॉग स्क्वायड की टीमों को मौके पर बुलाया गया। सभी टीमों ने कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद प्रत्येक कक्ष और आसपास के क्षेत्रों की उपकरणों की सहायता से गहन जांच की। सर्च ऑपरेशन के दौरान कलेक्ट्रेट के सभी कमरों, गलियारों और परिसरों की बारीकी से जांच की गई, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जांच पूरी होने के बाद प्रशासन और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान कलेक्ट्रेट के कार्यालय सामान्य रूप से चलते रहे। धमकी भरे ईमेल को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया है। पुलिस अब ईमेल के स्रोत और भेजने वाले की पहचान के लिए तकनीकी आधार पर जांच कर रही है। तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, पुलिस उप अधीक्षक बृजेश सिंह, कोतवाली थानाधिकारी तुलसीराम सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता मौके पर मौजूद रहा।

## गायों के शवों के अपमान और गोमांस बिक्री के आरोप

**कोटा**

कोटा में बजरंग दल ने मृत गायों को खुले में काटने और उनके मांस की अवैध बिक्री का आरोप लगाया है। बजरंग दल ने नगर निगम के मुर्दा मवेशी ठेकेदार और कुछ अधिकारियों पर यह गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। संगठन का आरोप है कि शहर के बंधा धर्मपुरा क्षेत्र सहित कुछ इलाकों में मृत गाय को काटा जा रहा है। वहीं गायों के शवों को बड़ी कढ़ाइयों में पकाया जा रहा है। इस संबंध में कथित तौर पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से शहर में आक्रोश का माहौल बन गया है। बजरंग दल ने बताया- पहले भी मंगलेश्वरी महादेव मंदिर के पास, गुलाबबाड़ी और रामपुरा क्षेत्र में गायों के शव को वाहन के पीछे बांधकर घसीटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। संगठन का कहना है कि इन मामलों को लेकर कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार केवल नोटिस देकर कार्रवाई को सीमित कर दिया गया। ज्ञापन में ठेकेदार बाबू खान पर नगर निगम के कुछ अधिकारियों को कथित तौर पर कमीशन देने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की गई है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर में बाबू लाल पिपलोदा उपाध्यक्ष मनोनीत

**हमारा समाचार**

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा झोटवाड़ा विधायक प्रत्याशी अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर का संगठन विस्तार किया गया। इसी क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष उमराव सिंह यादव की अनुशंसा पर बाबू लाल पिपलोदा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

नियुक्ति के अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष उमराव सिंह यादव ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि बाबू लाल पिपलोदा पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप पूर्ण निष्ठा से कार्य करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।



नियुक्ति की सूचना से क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और अनेक पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका बानसूर (कोट.—बह.)**

Email id- bansur.ulb.jaipur@gmail.com Phone no. 01461-294231

क्रमांकः— न.पा.बा./2025—26/1733 दिनांकः 16.12.2025

**प्रारुप—10**
**(नियम 6 (7) )**
**लोकसूचना**

श्रीमती धोली देवी पत्नी श्री शेरसिंह, गणपत, रघुवीर प्रसाद पुत्रान श्री चिरंजी, मनभरी पत्नी श्री पुरण चंद मीणा एवं लक्ष्मी देवी, कमलेश मीणा पुत्री श्री पूरण चंद मीणा, योगेश मीणा पुत्र पूरण चंद मीणा, समस्त जाति— मीणा, निवासी— बानसूर तहसील—बानसूर, जिला— कोटपूतली—बहरोड़, ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लेखित कृषि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारो के निर्वापन के लिए जरिये ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थातः—

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली—बहरोड बानूसर | बाढ ठेगुवास | 1194/380, 381, 384 | रकबा 0.9700 है0 सम्पूर्ण | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956 कि धारा 90—क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर—भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर—भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन ....2025.........(वर्ष) के....12.....(मास) के 16... दिन की जारी कि जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका बानसूर

## सुशासन दिवस पर चिकित्सा संस्थानों व कार्यालयों में चला स्वच्छता अभियान



हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा मनाए गए सुशासन दिवस के अवसर पर सेठी कॉलोनी स्थित मिनी स्वास्थ्य भवन सहित जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों एवं कार्यालयों में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि सुशासन दिवस पर प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक सीएमएचओ कार्यालय, अधीनस्थ कार्यालयों तथा चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इउपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों व कार्यालयों में एकजुटता के साथ स्वच्छता कार्य किया गया। अभियान के अंतर्गत संस्थानों के सभी अनुभागों एवं परिसरों की सफाई कर स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुचारू कार्य वातावरण सुनिश्चित किया गया।

## कुमावत समाज सामूहिक विवाह व विकास समिति बैठक 19को

हमारा समाचार

**फुलेरा ।**कुमावत समाज सामूहिक विवाह एव विकास समिति भंदे बालाजी की आवश्यक मिटिंग समिति अध्यक्ष पन्नालाल सिरस्वा की अध्यक्षता मे19 दिसंबर2025 शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे नये भवन मे आयोजित होगी। जिसमे 19 फरवरी 2026 गुरूवार को 22 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न एवं आवश्यक विषयो पर विचार विमर्श कर मूर्त रूप दिया जाएगा। सामूहिक विवाह हेतु टेन्डर व्यवस्था टेन्ट पान्डाल व्यवस्था, साउंड, स्टील अलमारी, आभूषण, निमन्त्रण पत्र, शेष रहे उपहार व्यवस्था पर सदन की सहमति से निर्णय लिया जायगा। निवेदन है कि लक्ष्य के अनुसार विवाह योग्य जोडो की संख्या बढ़ाने मे सहयोग करें। 11जोडो का पंजीयन हो चुका है।पहले आवे और पहले पावे की व्यवस्था है।अतः समस्त पदाधिकारियो एवं सदस्यो से निवेदन है कि दिनांक 19 दिसम्बर शुक्रवार अमावस्या को प्रातः 10.30 बजे पधारकर इस पुनीत कार्य में सहयोगी बनकर अपने सुविचारो से लाभान्वित करे।



## बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य प्रायोजक बना चेन्नई नेवी हाफ मैराथन 2025

हमारा समाचार

**चेन्नई।** बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रायोजन में चेन्नई नेवी हाफ मैराथन 2025 का प्रथम संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें 8,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। मैराथन को आईएनएस अडयार से डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, रियर एडमिरल सतीश शेनाई, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, तमिलनाडु एवं पुडुचेरी और एम. अन्नादुरई, कार्यपालक निदेशक, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. चांद ने कहा कि बैंक महिला सशक्तिकरण और नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिबद्ध है। टी. एन. सुरेश ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र के लोगों के साथ बैंक के मजबूत संबंधों को दर्शाता है।

## दिव्यांग बच्चों को गर्म कपड़ों का किया वितरण

हमारा समाचार

**कोटपूतली बहरोड़ ।**जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर के रुबिका रिहैबिलिटेशन एज्युकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित उम्मीद विशेष विद्यालय आदर्श नगर में मंगलवार को भामाशाहों के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। जिसमें युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल, महावीर सैनी, अमरसिंह सैनी, सुनील जीलोवा, जीतेन्द्र जीलोवा का विषेष योगदान रहा। इस मौके पर पटेल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिये इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयास ना केवल उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करते है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देते हैं। विद्यालय परिवार ने सभी दानदाताओ एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोग कि अपेक्षा जताई। अतिथियों ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय सचिव मीरा यादव द्वारा भामाशाहों का स्वागत किया गया। इस दौरान पार्षद रेणू अग्रवाल, एड. मनोज अग्रवाल, कृष्ण मोहन यादव, विकास मीणा समेत अन्य मौजूद रहें।

## कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

हमारा समाचार



**कोटपूतली।** कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल का मंगलवार को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा व कोटपूतली बहरोड़ जिला अध्यक्ष ( चिकित्सा प्रकोष्ठ) डॉ मनमोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष अमरसिंह गुर्जर, मीडिया प्रभारी कमलेश मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।

## करोड़ों रूपए की लागत से गांवों में होंगे विकास कार्य-रामसहाय वर्मा

हमारा समाचार



**निवाई।** राजस्थान सरकार के 2 साल पूर्ण होने पर दत्तवास में विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में बढता राजस्थान हमारा राजस्थान रथ यात्रा निकाली गई। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा भाजपा सरकार ने सडक, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गाँव, ढाणी, व गली मोहल्लों में करोड़ों रूपए के विकास के लिए नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर संयोजक रमाकांत शर्मा, मण्डल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर व केदार चौधरी डांगरथल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 जालोर जिले में मतदाता सूचियों का हुआ प्रारूप प्रकाशन

### 16 दिसम्बर से 15 जनवरी 2026 तक दावे व आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी

हमारा समाचार



**जालोर, ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व मीडियाकर्मियों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में दिनांक 27.10.2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत दिनांक 04.11.2025 से दिनांक 11.12.2025 तक गणना चरण के दौरान सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य सम्पन्न किया गया है। गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व जालोर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 1523143 थी, जिनको गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे। जिले में गणना चरण के दौरान कुल 1425337 मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए गए हैं, जिनका नाम दिनांक 16.12.2025 को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि गणना चरण के दौरान दिनांक 04.11.2025 से 04.12.2025 तक जिले क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ द्वारा राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ क्षेत्र में अप्राप्त गणना प्रपत्रों की सूची मय उनके कारण बीएलओ द्वारा बूथ लेवल एजेण्ट को उपलब्ध कराई गई, जिससे वे इस सूची का अवलोकन कर गणना प्रपत्रों की अप्राप्ति का कारण जान सकें तथा इस संबंध में यदि आवश्यक हो तो, सुधारात्मक कार्यवाही कर सकें। इन बैठकों का बैठक कार्यवाही विवरण तथा अप्राप्त गणना प्रपत्रों की सूची मय कारण जिले की वेबसाइट https//jalore.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि गणना चरण के दौरान कुल मतदाताओं के गणना प्रपत्र अप्राप्त रहे, जिनकी सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की वेबसाइwww.election.rajasthan.gov.in एवं जिले की वेबसाइट https// jalore. rajasthan .gov.in पर Accessibl e format में उपलब्ध है। उपरोक्त अप्राप्त गणना प्रपत्रों में मृत 22559, स्थायी रूप से स्थानान्तरित 50581, अनुपस्थित 16740, मतदाता सूची में एकाधिक स्थान पर पंजीकृत 6974 तथा अन्य 952 हैं। यह सूची मतदान केन्द्र/ग्राम पंचायत मुख्यालय/नगरीय निकाय कार्यालय में भी चस्पा की गई, ताकि यह आमजन/नागरिकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहे। यद्यपि यह उल्लेखनीय है कि 3517 मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फॉर्म 6 ऑनलाइन तथा 1194 फॉर्म-6 ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से प्राप्त हुए हैं, जिनका नाम विहित प्रक्रिया के पश्चात मतदाता सूची में जोड़ दिया जाएगा। फॉर्म-6 प्राप्त किए जाने का कार्य इस अवधि में भी सतत रूप से जारी रहेगा। आमजन अपना फॉर्म-6 ऑनलाइन वोटर हैल्पलाइन एप अथवा वोटर सर्विस पोर्टल से भी भर सकते हैं अथवा बीएलओ को भी फॉर्म-6 मय घोषणा पत्र भरकर दे सकते हैं। जो व्यक्ति दिनांक 1.4.2026, 1.7.2026 अथवा 1.10.2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहें हों, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 एवं निर्धारित घोषणा पत्र भरकर अग्रिम आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची की दो प्रतियाँ (एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी) मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को ईआरओ द्वारा उपलब्ध कराई गई। उन्हें प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपिश्रयों तथा नव मतदाता पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 मय घोषणा पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसी के साथ जिले/विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा हेतु 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों का भी पुर्नगठन किया गया। पूर्व में जिले/विधानसभा क्षेत्र में 1382 मतदान केन्द्र थे, जिनका पुनर्गठन/सुव्यवस्थीकरण कर 276 नवीन मतदान केन्द्र सृजित हुए हैं और वर्तमान में जिले/विधानसभा क्षेत्र में 1658 मतदान केन्द्र हो गये हैं। इस प्रकार जिले/विधानसभा क्षेत्र में 1200 से अधिक मतदाताओं वाला कोई भी मतदान केंद्र शेष नहीं है। आयोग द्वारा प्रसारित कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 16.12.2025 से 15.01.2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये जाएंगे। इस अवधि में प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं के संबंध में अथवा अन्यथा भी मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11बी में तैयार की जावेगी और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की जावेगी। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपतियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा करेंगे। ईआरओ के निर्णय के विरूद्ध 15 दिवस में प्रथम अपील अधिकारी ''जिला मजिस्ट्रेट'' को की जा सकती है तथा इस अपील के निर्णय से असंतुष्ट होने की स्थिति में द्वितीय अपील प्रथम अपील अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अगले 30 दिवस में द्वितीय अपील अधिकारी ''मुख्य निर्वाचन अधिकारी'' को अपील की जा सकेगी। इसके पश्चात आयोग द्वारा निर्धारित दिनांक 14.02.2025 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा, चुनाव शाखा के नायब तहसीलदार किशनाराम, भारतीय जनता पार्टी से केशव व्यास, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से रमेश सोलंकी व मुमताज अली सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

# संस्कार और सेवा भावना से विकसित समाज का निर्माण संभव - सहारण

### प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित हुआ गौसेवा कार्यक्रम,

हमारा समाचार

**चूरू, ।** प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित श्रीकृष्ण गौरक्षा संस्थान, हनुमानगढ़ी गौ सेवा संस्थान में गौ सेवा गौ पूजन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, बसंत शर्मा, वासुदेव चावला, सीईओ श्वेता कोचर आदि ने गौशाला पहुंचकर गायों को गुड़ व हराकृ चारा खिलाया एवं विधिवत गौकृपूजन कर धर्मार्थ सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि संस्कार और सेवा भावना से ही एक विकसित, सशक्त एवं समरस समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि गौसेवा हमारी सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है और समाज को इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व प्रदेश



सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मानवता की सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने धर्मार्थ सेवा का संदेश देते हुए प्रत्येक तहसील में नंदीशाला स्थापित कर रही है। उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हमारी सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए भी सतत प्रयासरत है। गौसेवा भारतीय संस्कृति की मूल भावना का प्रतीक है और यह हमें प्रकृति, जीव-जंतुओं तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों की याद दिलाती है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि प्रदेश सरकार 02 वर्षों के उपलक्ष में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सामाजिक सरोकारों एवं सेवा कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। गौसेवा जैसे कार्यक्रम न केवल मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में चलाए गए अंगदानकृ महादान कार्यक्रम में चूरू जिला देश में दूसरे स्थान पर रहा। हमें रक्तदान, अंगदान जैसे मानव सेवा के कार्यों में अधिकतम भागीदारी निभानी चाहिए। जिले की पांच तहसीलों में नंदीशाला स्थापित की जा रही हैं। 02 तहसीलों के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बसंत शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने 02 वर्षों में संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने का काम किया है। प्रदेश सरकार जनकल्याण को मूल मानकर निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सीईओ श्वेता कोचर, डीएफओ भवानी सिंह, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ सुनील मेहरा, वासुदेव चावला, ओम सारस्वत, शैलेन्द्र शर्मा, विमला गढ़वाल, अभिषेक चोटिया, नरेन्द्र काछवाल, सीपी शर्मा, भास्कर शर्मा, श्रीराम पीपलवा, धर्मेन्द्र राकसिया सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्नातक पंचम सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षायें 18 दिसम्बर से

हमारा समाचार

**कोटपूतली बहरोड़ ।**जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर NH 48 पर स्थित राजकीय एलबीएस पी जी महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक पंचम सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों के कला वर्ग की मिड टर्म परीक्षा 18 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी। जबकि विज्ञान व वाणिज्य संकाय के सभी विषयों की मिड टर्म परीक्षा 22 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी। समय सारणी नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अनुसार स्नातक पंचम सेमेस्टर की मिड परीक्षा समय सारणी के अनुसार 18 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी। नियमित विद्यार्थियों के प्रत्येक प्रश्न पत्र की मिड टर्म परीक्षा निर्धारित समय सारणी के अनुसार होगी तथा असाइनमेंट के लिये सभी विषय के प्रभारियों द्वारा प्रोजेक्ट कार्य दे दिया हैं। प्रोजेक्ट कार्य घर से तैयार करके संबंधित विभाग में 24 दिसम्बर तक जमा करवायें। अधिक जानकारी के लिये महाविद्यालय के संबंधित विभाग में संपर्क करें।



## निवाई-पीपलू विधायक श्री रामसहाय वर्मा ने जिला विकास प्रदर्शनी एवं अमृता हाट का किया अवलोकन

हमारा समाचार

**टोंक।** राज्य सरकार के दो पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्टेउ्ट परिसर स्थित अमृत हाट में लगाई गई जिला विकास प्रदर्शनी का निवाई पीपलू विधायक श्री रामसहाय वर्मा ने अवलोकन किया तथा प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं एवं कार्यो की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही जिन योजनाओं के लिए वह पात्र है उनका लाभ ले सकेगें। इस दौरान उन्होंने अमृता हाट मेले का अवलोकन किया तथा विभिन्न स्टोलो पर जाकर लगाई गई सामग्री की जानकारी ली। श्री वर्मा ने कहा कि उत्पाद निर्माण और मार्केटिंग स्टेज के साथ साथ इस प्रकार के आयोजन महिलाओं की आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक हैं। साथ ही राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मैरिंगटन सोनी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित अमृता हाट मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 41 स्वयं सहायता समूहों भाग ले रहे हैं। मेले के विविध आकर्षणों में कोटा डोरिया से निर्मित परिधान सामग्री, जूट निर्मित सजावटी वस्तुएं, नारियल फाइबर से निर्मित सजावटी वस्तुएं, कैरी बैग,खिलौने, कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित खाद्य उत्पाद,मसाले,नमकीन,पापड़,आचार इत्यादि, हस्त निर्मित साबुन, डिटर्जेंट, स्नेट्री पैड, हस्त निर्मित आभूषण प्रदर्शनी आदि सम्मिलित हैं।उल्लेखनीय है महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित/मूल्य संवर्धित उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन हेतु मंच प्रदान करने तथा ऐसे उत्पादों की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से अमृता एस. एच. जी. हाट बजारों का आयोजन किया जाता है। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय आयोजनों की सफलता के बाद जिला स्तरीय अमृता हाट का आयोजन भी 2016- 17 से किया जा रहा है। ये हाट बाजार दूरस्थ पंचायतों में स्थित स्वयं सहायता समूहों को जिला स्तर पर पहचान एवं रोजगार उपलब्ध करवाने की सफल पहल सिद्ध हुए हैं।



# गर निगम की बड़ी कार्रवाई सड़कों पर घूम रहे एवं अवैध पशु डेयरियों से 53 बेसहारा गौवंश रेस्क्यू

### हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केंद्र भेजे गए सभी गौवंश

हमारा समाचार

**जयपुर, ।** नगर निगम जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा ने मंगलवार को महल रोड, जगतपुरा, हसनपुरा एवं नेहरू नगर शास्त्री नगर क्षेत्र में निराश्रित गौवंश को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर तथा उपायुक्त सीमा शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम डॉ. योगेश शर्मा एवं डॉ. राकेश कलोरिया ने पूरे क्षेत्र में सघन निरीक्षण करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया।

अभियान के दौरान सड़कों, गलियों और आवासीय इलाकों में घूम रहे 53 निराश्रित गौवंश को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केंद्र भेजा गया। टीम ने मौके पर मौजूद पशुओं की स्थिति की जांच की तथा परिवहन प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया। शहर के नाहरी का नाका शास्त्री नगर, पचरम पट्टी दिल्ली रोड एवं सुभाष चौक क्षेत्र में मंगलवार (अक्ता दिवस) को खुली पायी गई 13 मीट/मांस की दुकानों को अस्थाई सीज किया गया।

उपायुक्त सीमा शर्मा ने बताया कि आवासीय इलाकों और मुख्य सड़कों पर घूमते बेसहारा गौवंश न केवल यातायात बाधित करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण भी बनते हैं। इसी को देखते हुए निगम द्वारा ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शहर में यातायात सुचारू रहे और पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। लक्ष्य है कि शहर को बेसहारा पशु समस्या से मुक्त किया जाए और सभी गौवंश को सुरक्षित पुनर्वास केंद्रों तक पहुँचाया जाए।

जयपुर, 16 दिसम्बर। नगर निगम जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा ने मंगलवार को महल रोड, जगतपुरा, हसनपुरा एवं नेहरू नगर शास्त्री नगर क्षेत्र में निराश्रित गौवंश को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर तथा उपायुक्त सीमा शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम डॉ. योगेश शर्मा एवं डॉ. राकेश कलोरिया ने पूरे क्षेत्र में सघन निरीक्षण करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान के दौरान सड़कों, गलियों और आवासीय इलाकों में घूम रहे 53 निराश्रित गौवंश को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केंद्र भेजा गया। टीम ने मौके पर मौजूद पशुओं की स्थिति की जांच की तथा परिवहन प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया। शहर के नाहरी का नाका शास्त्री नगर, पचरम पट्टी दिल्ली रोड एवं सुभाष चौक क्षेत्र में मंगलवार (अक्ता दिवस) को खुली पायी गई 13 मीट/मांस की दुकानों को अस्थाई सीज किया गया। उपायुक्त सीमा शर्मा ने बताया कि आवासीय इलाकों और मुख्य सड़कों पर घूमते बेसहारा गौवंश न केवल यातायात बाधित करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण भी बनते हैं। इसी को देखते हुए निगम द्वारा ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शहर में यातायात सुचारू रहे और पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। लक्ष्य है कि शहर को बेसहारा पशु समस्या से मुक्त किया जाए और सभी गौवंश को सुरक्षित पुनर्वास केंद्रों तक पहुँचाया जाए।

# विद्यालय विकास के लिए एकजुट हुए विद्यालय विकास समिति के सदस्य,

### एसएमसी एवं एसडीएमसी के प्रशिक्षण में हुई कई महत्वपूर्ण चर्चाएं

हमारा समाचार

**निवाई।** पीएश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में दो दिवसीय स्कूल प्रबंधन समिति एवं विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्राचार्य व पीईईओ डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर पारदर्शिता, उत्तरदायित्व तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु समिति सदस्यों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति




जागरूक करना रहा। प्रशिक्षण प्रभारी उप प्राचार्य गौरीशंकर चौधरी एवं व्याख्याता जयनारायण मीणा ने बताया कि दो दिनों तक संचालित इस प्रशिक्षण में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के सुधार, विद्यालय विकास योजना के निर्माण, बच्चों की उपस्थिति व सीखने के स्तर में वृद्धि, अनुशासन, समुदाय की भागीदारी, वित्तीय प्रबंधन, अभिभावक शिक्षक संवाद और एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी नवाचार पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने व्यावहारिक उदाहरणों और समूह गतिविधियों के माध्यम से सदस्यों को विद्यालय संचालन की सूक्ष्मताओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विद्यालय विकास में अपनी सक्रिय भूमिका को मजबूती देने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य ने इस आयोजन को विद्यालय प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि एसएमसी एवं एसडीएमसी की प्रभावी भागीदारी से शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है।प्रशिक्षण में राहोली के सभी 11 राजकीय विद्यालयों के एसएमसी व एसडीएमसी के सदस्यों ने भाग लिया।

## एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना में कोमल व किंजल करेंगी अन्तर्राज्य भ्रमण

हमारा समाचार



**निवाई।** एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के तहत सत्र 2025-26 में 10 दिवसीय यात्रा के तहत पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली की कोमल चौहान व किंजल चावला का अंतर्राज्यीय भ्रमण के लिए चयन हुआ है। प्राचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि गत वर्ष कक्षा 8वीं बोर्ड में छात्रा कोमल चौहान व किंजल चावला ने अच्छे अंक प्राप्त करते हुए चयन सूची में अपना स्थान बनाया है। यह दोनों छात्राएं 16 से 25 दिसंबर तक एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के तहत अन्तर्राज्य भ्रमण करेंगी। इन्हें अजमेर, चित्तौडगढ़, उज्जैन, ओंकारेश्वर, इन्दौर, शम्भाजीनगर, नासिक, दमन व अहमदाबाद का भ्रमण करवाया जाएगा।



# मस्ती 4 फिल्म का हिस्सा बनने से पहले काफी सोच-विचार किया था

आज के दौर में फिल्मों और वेब सीरीज में बोल्ड कंटेंट को लेकर दर्शकों की राय पहले से कहीं ज्यादा बंटी हुई है। छोटे से छोटे सीन या डायलॉग्स भी अक्सर बड़े विवाद का कारण बन जाते हैं। इसी माहौल में जब कोई कलाकार एडल्ट–कॉमेडी जैसी संवेदनशील शैली में कदम रखने का फैसला करता है, तो यह उनके लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। इसी तरह का अनुभव अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने भी किया। उन्होंने मस्ती 4 जैसी बोल्ड कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनने से पहले काफी सोच–विचार किया था। इंटरव्यू में एलनाज नोरौजी ने कहा, मस्ती 4 में काम करने को लेकर मैं शुरू में काफी झिझक रही थी। आज के समय में दर्शक जिस तरह से बोल्ड कॉमेडी पर प्रतिक्रिया देते हैं, उससे कलाकारों पर ज्यादा दबाव बन जाता है। मुझे डर था कि कहीं मेरी छवि पर इसका गलत असर न पड़े। लेकिन, जैसे–जैसे फिल्म की कहानी पढ़ी, मेरा नजरिया बदलता गया।

उन्होंने कहा, इस बार की कहानी सिर्फ पहले वाली फिल्मों की तरह चुटकुलों और मजाक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कुछ नया, अलग और ज्यादा मनोरंजक जोड़ने की कोशिश की गई है। इस खासियत के चलते मैंने इस प्रोजेक्ट से जुड़ने का फैसला लिया। उन्होंने कहा, इस फिल्म ने मुझे अपने अभिनय का एक अलग पहलू पर्दे पर दिखाने का मौका दिया। एक कलाकार के रूप में मैं हमेशा से चाहती हूं कि दर्शक मुझे केवल एक ही तरह के किरदारों में सीमित न देखें। इस फिल्म में बिंदिया का रोल मेरी एक्टिंग रेंज को सामने लाने का मौका था, और इसलिए मैंने इसे स्वीकार किया। मस्ती 4 एक एडल्ट–कॉमेडी फिल्म है, जिसे मिलाप मिलन जावेरी ने निर्देशित किया है। यह मशहूर मस्ती फिल्म सीरीज का चौथा भाग है। फिल्म में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी पहले की तरह लीड रोल में नजर आ रहे हैं। मस्ती 4 सिनेमाघरों पर 21 नवंबर को रिलीज हो चुकी है।



# क्या दीपिका पादुकोण के बाद प्रियंका चोपड़ा भी होंगी कल्कि 2898 एडी 2 से बाहर?

## प्रियंका ने भी रखी शर्त

**साल 2024 में दीपिका पादुकोण फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। इस फिल्म का सीक्वल बन रहा है। इसमें भी दीपिका नजर आने वाली थीं, मगर उन्होंने फिल्म छोड़ दी। दीपिका के फिल्म का हिस्सा न होने की बात का एलान मेकर्स ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करके किया था।**

झमीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दीपिका ने फीस में इजाफा किया था और साथ ही आठ घंटे शिफ्ट की डिमांड रखी थी, जिस पर मेकर्स के साथ सहमति नहीं बनी। बीते दिनों खबर आई कि दीपिका की जगह प्रियंका चोपड़ा फिल्म का हिस्सा बनेंगी। मगर, देसी गर्ल को साइन करना मेकर्स के लिए आसान नहीं है।

### क्या दीपिका को रिप्लेस करेंगी प्रियंका चोपड़ा?

एक तरफ खबरें चल रही हैं कि कल्कि 2 में प्रियंका चोपड़ा ने दीपिका पादुकोण को रिप्लेस कर दिया है। वहीं, अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा की एंट्री मुश्किल लग रही है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट के लिए प्रियंका चोपड़ा से बातचीत चल रही है। हालांकि, मेकर्स को वैसी ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी वजह से दीपिका पादुकोण ने फिल्म छोड़ी थी। खबर है कि एक्ट्रेस ने दीपिका जितनी ही फीस मांगी है।


रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा के अलावा इस फिल्म में दीपिका पादुकोण की जगह लेने के लिए और भी फीमेल स्टार्स रेस में हैं। इस रोल के लिए आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी एक्ट्रेस के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स ऐसी एक्ट्रेस को लेना चाहते हैं जो स्टार पावर के मामले में प्रभास के बराबर हो। मालूम हो कि फिल्म से दीपिका के बाहर होने की ऑफिशियल घोषणा कल्कि 2 के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट से की थी। पोस्ट में लिखा था, यह ऑफिशियली घोषणा है कि दीपिका कल्कि 2898 एडी के आने वाले सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। बहुत सोच–विचार के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। हम उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

### प्रियंका ने रखी हैं ये डिमांड

इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा ने काम के घंटों में फ्लेक्सिबिलिटी की डिमांड भी रखी है। एक सोर्स ने वेबसाइट को बताया, प्रियंका चोपड़ा ने अपने टाइम और शेड्यूल में फ्लेक्सिबिलिटी की डिमांड रखी है, ताकि वे अपनी बेटी मालती को वक्त दे सकें। हालांकि, यह कोई मुश्किल बात नहीं है, क्योंकि प्रियंका अपनी बेटी के साथ लोकेशन पर ट्रैवल करने के लिए तैयार हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रियंका चोपड़ा के साथ मेकर्स की बातचीत बन पाती है या देसी गर्ल भी इस फिल्म को छोड़ देंगी।




# राहु केतु को लेकर बेहद उत्साहित हैं पुलकित सम्राट



अगले वर्ष की शुरुआत में ही अपनी फिल्म राहु केतु से सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रहे पुलकित सम्राट फिलहाल अपनी पहली फ़ैंटेसी फ़िल्म प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि यह फिल्म सिर्फ उनके करियर की पहली फ़ैंटेसी फ़िल्म नहीं, बल्कि एक ऐसा मुक़ाम है, जिसका इंतज़ार उन्हें बचपन से था। अपनी कल्पनाशक्ति को आकार देने वाले बचपन की यादों को साझा करते हुए पुलकित ने कहा, राहु केतु को लेकर मैं बहुत एक्साइटेड हूँ, क्योंकि यह मेरी पहली फ़ैंटेसी फ़िल्म है। मैं सच में अजूबा, छोटा चेतन जैसी फ़िल्में देखकर बड़ा हुआ हूँ, और आज जब मैं खुद ऐसी फ़िल्म का हिस्सा बना हूँ तो मेरे लिए यह सबसे रोमांचकारी है। मुझे ऐसा लग रहा है, मेरा सफ़र पूरा घेरा बनाकर वापस उसी जादुई दुनिया में लौट आया है। गौरतलब है कि रोमांच, भव्यता और इमोशन से भरपूर पुलकित की आने वाली फ़िल्म राहु केतु भी कुछ उसी तरह की फ़ैंटेसी स्पेस को एक्सप्लोर करती है, जैसा हममें से कई लोगों ने अपने बचपन में देखी होगी। हालांकि फ़िल्म से जुड़ी अधिकतर जानकारी अभी गुप्त रखी गई है, लेकिन पुलकित का उत्साह इस बात का संकेत है कि दर्शकों को उनसे कुछ नया और ताज़ा देखने को मिलेगा, तो तैयार रहिए पुलकित के साथ अपने भी बचपन की कल्पनाओं को आधुनिक फ़िल्ममेकिंग के अंदाज़ में साकार होते हुए।

# तलाक के सवाल पर दिव्या खोसला ने दिया जवाब

अभिनेत्री दिव्या खोसला ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आस्क मी एनीथिंग सेशन शुरू किया। सेशन में उन्होंने कई यूजर्स के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने लोगों को अपने एक्टिंग के सफर और बॉलीवुड में अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने वीडियो के जरिए यूजर्स के सवालों के जवाब भी दिए। उनके एक जवाब ने लोगों को हैरान कर दिया। एक यूजर ने दिव्या खोसला से पूछा बॉलीवुड में इतनी बेचैनी होने के बावजूद अपनी मेंटल हेल्थ का ख्याल कैसे रख पाती हैं? इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा मैं सोचती हूं कि बॉलीवुड ऐसी जगह है, जहां आपके आस–पास बहुत सारे मगरमच्छ हैं। ऐसे में मैं महसूस करती हूं कि इसके बीच से रास्ता निकालना होगा। मुझे लगता है कि सबसे जरूरी चीज है अपने आप से ईमानदार रहें। एक दूसरे यूजर ने अभिनेत्री से पूछा कौन सी फिल्म है जिसमें काम करते हुए आपको सबसे ज्यादा अच्छा लगा? इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा सवी। इसकी शूटिंग यूके में हुई। –10 डिग्री पर पूरे 42 दिन शूटिंग हुई। इसका प्रोडक्शन बहुत सही था। सवी का अनुभव एक तरफ बाकी मेरी सभी फिल्मों का अनुभव एक तरफ। एक और यूजर ने उनसे पूछा क्या आपका तलाक हो चुका है? इस पर दिव्या ने कहा नहीं। हालांकि लोग यही चाहते हैं। दिव्या खोसला ने साल 2005 में भूषण कुमार से शादी की थी। कुमार फिल्म और म्यूजिक प्रोड्यूसर हैं। हाल ही में दिव्या खोसला फिल्म एक चतुर नार में नजर आईं। इसमें नील नितिन मुकेश भी थे।




# ऐतिहासिक किरदार निभाना चाहती हैं कृति खरबंदा

अपनी खूबसूरती और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस कृति खरबंदा अब ऐसे किरदारों की तलाश में हैं, जो उन्हें एक नए, गहरे स्तर पर चुनौती दें। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि वह आगे किस तरह के रोल या जॉनर एक्सप्लोर करना चाहेंगी, तो उनका जवाब महत्वाकांक्षी होने के साथ–साथ अतीत की मधुर स्मृतियों और परफॉर्मेंस के प्रति जुनून से भरा हुआ था। उन्होंने बताया कि भविष्य में वे ऐतिहासिक ऐपिक फिल्मों जैसे मुगल–ए–आज़म, बाजीराव मस्तानी और राम लीला जैसी कालजयी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहेंगी, जहाँ भव्यता के साथ–साथ इमोशन और दमदार किरदारों की दुनिया हो। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं मुगल–ए–आज़म और बाजीराव मस्तानी जैसी किसी फिल्म में काम करना पसंद करूंगी। हाउसफुल 4 के जरिए मैंने उस दुनिया की थोड़ी झलक देखी थी, लेकिन अब मैं पूरी तरह से ऐसा किरदार निभाना चाहती हूँ, जो ऐतिहासिक हो। गौरतलब है कि कृति के लिए इन विशालकाय फिल्मों का सौंदर्य, उनकी भावनाएँ, शानदार कॉस्ट्यूम, और मजबूत महिला किरदार, सब मिलकर एक एसी दुनिया रचते हैं जिसमें वह बतौर एक्टर अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ा सकें। वे कहती हैं, मेरे लिए ज़्यादा स्क्रीन प्रेज़ेंस से ज़्यादा ज़रूरी है, एक दमदार किरदार। हालांकि मैं अपने पर्सनल पैशन की बात करूं तो मैं मशहूर टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा का किरदार निभाना चाहूंगी क्योंकि मैंने अपनी लाइफ का एक बड़ा हिस्सा टेनिस खेलते हुए बिताया है। इसके अलावा इस बायोपिक को करने की एक वजह यह भी है कि मैं सानिया मिर्ज़ा की प्रेरणादायक कहानी से काफी प्रभावित हूँ।



# अब थोड़ा उदंड होना है, थोड़ा फिर से मस्ती में जीना है



**पंकज त्रिपाठी वो एक्टर हैं जिनकी आंखों में अभिनय से ज्यादा अनुभव घुला है। वह कहते हैं कि मैं अभिनय को ध्यान मानता हूं और जीवन को प्रयोग। उन्होंने संघर्ष के दिनों से जो धैर्य सीखा, वो आज भी उनके भीतर स्थिर है। सफलता उन्हें मोहित नहीं करती और असफलता विचलित नहीं करती। वह अपने अभिनय में संवाद से ज्यादा भाव पढ़ते हैं और कहते हैं कि कैमरा झूठ नहीं पकड़ता। अब जब वह बहुत कुछ पा चुके हैं तो 20 साल पहले वाला मस्ती भरा पंकज फिर पाना चाहते हैं, जो दोस्तों को डराने के लिए नींबू-सिंदूर रख आता था। अब उन्हें ना 'सेंस' चाहिए, ना 'गुरुज्ञान'। पंकज कहते हैं कि अब थोड़ा उदंड होना है, थोड़ा फिर से मस्ती में जीना है। खास बातचीत में उन्होंने वही सब बताया, जो इंटरव्यू की तयशुदा लकीरों से बाहर था।**

### जिंदगी जितनी गहरी, अभिनय उतना सच्चा

पंकज त्रिपाठी बोले, मैंने सात्विक अभिनय करना एनएसडी से सीखा। वहां अपने समकक्षों के साथ रहकर, उनकी ऐक्टिंग देखकर और उनकी थ्योरी समझकर इसे जाना। सात्विक अभिनय नाट्य शास्त्र का हिस्सा है, जिसमें अभिनय को चार वर्गों में बांटा गया है, आंगिक (शारीरिक), वाचिक (वाणी से), अहार्य (मेकअप–कॉस्ट्यूम) और सात्विक (आंतरिक भाव)।

सात्विक अभिनय वह है, जो दिखता नहीं, सिर्फ महसूस होता है और यही सबसे कठिन होता है। ऐसा कहा जाता है कि जैसे क्लासिकल सिंगर 35 की उम्र के बाद निखरता है, वैसे ही सात्विक अभिनय भी उम्र और अनुभव की साधना से आता है। ये केवल एक्टिंग नहीं बल्कि जीवन की समझ से जुड़ा होता है। ऐक्टर की सबसे बड़ी कला उसकी जिंदगी ही होती है। जिंदगी में हर तरह के रस श्रृंगार, हास्य, करुण खुद बनते हैं। ये जीवन में क्रिएट हो रहे हैं और अभिनय में इन्हें रीक्रिएट करना है। अगर रीक्रिएट करना है तो साधना चाहिए, जो निरंतर अभ्यास से आएगी।

### धैर्य सबसे बड़ा सबक, बाकी सब बोनस

संघर्ष के दिनों से मुझे सबसे बड़ा सबक मिला धैर्य। यही आज भी मेरे भीतर बसा हुआ है। इससे बड़ा कुछ नहीं। अगर आप अपने रास्ते पर ईमानदारी और जागरूकता के साथ चलते रहो, बिना ज्यादा मांगे या लालसा के तो बहुत कुछ अपने–आप मिलने लगता है, इतना कि जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होती है। मैंने यही अनुभव किया। मैं सच्चा था अपनी मेहनत और नीयत के प्रति। कभी किसी का बुरा नहीं चाहा और ना किसी की चमचागिरी की। सच कहूं तो मैंने ऊपरवाले से भी कुछ खास मांगा नहीं था। मैं सिर्फ यही सोचकर आया था कि अच्छा काम करना है। हां, कुछ छोटी भौतिक इच्छाएं थीं जैसे एक छोटा घर हो जाए, एक गाड़ी हो जाए। हालांकि, आज जो कुछ भी हो रहा, वो सब बोनस की तरह है। मेहनत और धैर्य अगर साथ हैं तो जीवन बहुत कुछ दे देता है।

### एक ही जीवन है तो प्रयोग भी जरूरी हैं

कभी–कभी सोचता हूं कि क्या ये विनम्रता, यह जीवन–दर्शन मेरे संस्कारों का बोझ तो नहीं बन गए? या क्या ये मेरी खुद की समझ है? जीवन एक ही है तो प्रयोग करना भी जरूरी है। अगर एक अनुभव देख लिया है तो अब थोड़ा उदंड अनुभव भी कर लिया जाए। यहां उदंडता का मतलब है, हर किसी की वेदना खुद में समा लेना। मेरे साथ यही होता है कि मैं स्पंज की तरह औरों का दुख सोख लेता हूं और वही मुझे सबसे ज्यादा तोड़ता है। कल किसी ने मुझसे राजनीति में आने की बात की। मैंने कहा कि मेरी इसमें कोई खास रुचि नहीं है और मैं नहीं जानता कि कल क्या होगा। वो एक आईएएस अधिकारी थे। बोले, 'तुम जैसे लोगों को भगवान ने कुछ सोचकर ही बनाया होगा।' मैं रात को इसी सोच में पड़ गया, वो ऐसा क्यों बोले होंगे?

### अब फिर से मस्तीखोर पंकज बनना चाहता हूं

अब मैं चाहता हूं कि फिर से वही पंकज बन जाऊं जो 20 साल पहले था। तब मैं उदंड तो नहीं था लेकिन मस्तीखोर जरूर था। पढ़ाई के दिनों की बात है, एक दोस्त काले जादू से डरता था तो मैं हर दूसरे दिन उसके कमरे के बाहर नींबू, सुई, सिंदूर रख आता था और फिर उसका डर देखता था। वो ड्रामा बड़ा मजेदार होता था। अब सोचता हूं, वो पंकज कहां चला गया? हर जगह कुछ ना कुछ खुराफात करता रहता था। अब मन करता है कि वो पुराना वाला पंकज फिर से लौट आए।

आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2012/45657, डाक पंजीयन संख्या RJ/JPM/151/2022-2024

# खोराबिसल ग्राम पंचायत की मुख्य आबादी से भारी वाहनों के संचालन का समय निर्धारित करने की मांग

## ग्रामिणों का जोरदार प्रदर्शन 5 दिन मे समस्या का समाधान नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

हमारा समाचार

**खोराबिसल (जालसू)।** ग्राम पंचायत खोराबिसल, पंचायत समिति जालसू, जिला जयपुर की मुख्य आबादी क्षेत्र से प्रतिदिन भारी वाहनों एवं ट्रकों का आवागमन लगातार बढ़ता जा रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ग्रामवासियों में चिंता व्याप्त है।



ग्रामीणों ने बताया कि संकरी सड़कों से होकर भारी वाहनों का गुजरना कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसको लेकर ग्रामवासियों द्वारा प्रशासन से मांग की गई है कि ग्राम पंचायत खोराबिसल की मुख्य आबादी क्षेत्र से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों व ट्रकों के संचालन का समय निर्धारित किया जाए, ताकि दिन के व्यस्त समय में भारी वाहनों का प्रवेश रोका जा सके।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समयबद्ध व्यवस्था लागू की जाती है तो दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि जनहित में आवश्यक कदम उठाए जा सकें। प्रदर्शन के दौरान व्यापार मंडल संरक्षक गोवर्धन सीमावत , व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश प्रधान , सरपंच खोरा बीसल सुरेन्द्र डाबी , हरदतपुरा सरपंच भगवान सहाय बुनकर , पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मोहन लाल डबरिया , लक्ष्मण सिंह , कैलाश यादव , जुगलकिशोर शर्मा , मोहन नासणा , सुरेन्द्र टाप , नेमीचंद जेन , महेश शर्मा , सुशील शर्मा , नाहर सिंह मीणा , अजय जैन , श्याम सुंदर प्रधान , ओमप्रकाश चौधरी , सोनू बागड़ा ,रामनाराण कुमावत , मुकेश चौधरी , मुकेश डबरिया , पंकज जैन , व्यापार मंडल से जुड़े सैकड़ो लोगों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया।

# संविधान को बचाना हर देशवासी की जिम्मेदारीःहेमंत यादव

हमारा समाचार




**अलवर।** अखिल भारतीय ओबीसी बहुजन महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत यादव प्रदेश स्तरीय 'संविधान कथा अभियान 'अब अलवर और उसके बाद भरतपुर संभाग में शुरू करने जा रहे हैं संगठन के अध्यक्ष ने यादव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मनुवादी ताकतों को किसी भी हाल में सत्ता से हटा कर संविधान वादी टैक्टर के हाथ में सद्दा हो!

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा मिल कर इस देश में संविधान को खत्म कर फिर से मनुवाद लाना चाहते हैं जो हम किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे! जिस तरह से पूरे देश दुनिया की मनुवादी ताकते एक हो रही है वहीं दूसरी तरफ हम अंबेडकरवादी,संविधानवादी लोगों को जोड़ने का काम करेंगे! भारत दुनिया के नक्शे पर एक धर्मनिरपेक्ष देश रहें इसके लिए शोषित-वंचित वर्गों को मिलकर संघर्ष करना होगा!

## एसडीएम रामावतार मीना ने किया मिड-डे मील का औचक निरीक्षण



**कोटपूतली बहरोड़।** जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय में मंगलवार को एसडीएम रामावतार मीणा ने मिड-डे मील का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों में सुधार हेतु निर्देश दिये। साथ ही रसोई घर में नियमित साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को भोजन व्यवस्थित तरीके से दरी-पट्टीयों पर बैठाकर करवाया जावें। भोजन से पहले मंत्र का उच्चारण किया जावें। बच्चों के लिये साफ-स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जावें।

# केकड़ी विधानसभा क्षेत्र की एकीकृत मतदाता सूची का प्रकाशन

हमारा समाचार

**केकड़ी।** निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केकड़ी विधानसभा क्षेत्र की एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं उपखंड अधिकारी दीपांशु सांगवान ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक चले घर-घर परिगणना एवं सत्यापन अभियान के बाद मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पूरी की गई है। इस दौरान मतदान केंद्रों के सुव्यवस्थीकरण एवं पुनर्गठन के बाद अब केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में कुल 322 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 70 हजार 905 मतदाता पंजीकृत थे। गहन सत्यापन के बाद वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 47 हजार 100 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 1 लाख 27 हजार 086 पुरुष, 1 लाख 20 हजार 013 महिला एवं थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

मतदाता सूची को त्रुटिहीन एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कुल 23 हजार 805 नाम हटाए गए। सूची के अनुसार इनमें 6,123 नाम मृत्यु के कारण, 13,533 नाम अन्यत्र स्थानांतरित (शिफ्ट) होने के कारण, 2,186 नाम अनुपस्थित पाए जाने पर, 1,891 नाम दोहराव (डबल वोटर) के कारण तथा 72 नाम अन्य कारणों से हटाए गए हैं।

निर्वाचन विभाग ने आमजन को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा प्रविष्टियों में संशोधन के लिए दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने का अवसर दिया है। दावे व आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

नाम सम्मिलित कराने के लिए प्रारूप-6 (फॉर्म-6), नाम हटाने के लिए प्रारूप-7 (फॉर्म-7) तथा मतदाता विवरण में सुधार या संशोधन के लिए प्रारूप-8 (फॉर्म-8) आवश्यक घोषणा पत्र (एनेक्सचर-IV) के साथ प्रस्तुत करना होगा।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दीपांशु सांगवान ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

# बीएसएन कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि :शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

हमारा समाचार

**जयपुर।** बीएसएन कॉलेज, बक्सावाला वाटिका रोड, सांगानेर में सोमवार को वृहद स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्र खुल्वे ने बताया कि शिविर में महाविद्यालय के 500 से अधिक विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली संबंधी परामर्श दिया। टीम के राकेश शर्मा व सुभैया ने बीएलएस/सीपीआर पर व्याख्यान देते हुए आपातकाल व दुर्घटना की स्थिति में बेहोश मरीज को बचाने का डमी मॉडल के माध्यम से लाइव प्रशिक्षण दिया।

सीनियर दंत विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र सैनी ने दांतों की प्राथमिक देखभाल, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. सूरज शर्मा ने खेलकूद व गलत तरीके से जिम करने से होने वाली मांसपेशीय समस्याओं पर जानकारी दी। नेत्र जांच भी की गई। रीलाइफ ब्लड सेंटर द्वारा हीमोग्लोबिन जांच के साथ सुरक्षित रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें 71 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। अंत में शैक्षणिक निदेशिका किरण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अगुवाई में स्वच्छता अभियान


# जिला कलेक्ट्रेट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

## राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर जिले में व्यापक स्वच्छता अभियान

### समस्त राजकीय कार्यालयों, अस्पतालों एवं विद्यालयों में चला विशेष सफाई अभियान

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को जयपुर जिले में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर साफ-सफाई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों, अस्पतालों, विद्यालयों सहित अन्य सभी राजकीय भवनों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भी विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अगुवाई में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह, उमंग और सामूहिक सहभागिता के साथ परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। अभियान के दौरान कार्यालय परिसर, बरामदे, रिकॉर्ड कक्ष, पार्किंग क्षेत्र सहित आसपास के स्थानों की गहन सफाई की गई तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।

जिला कलेक्ट्रेट के साथ-साथ जिले के समस्त उपखंडों में भी उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों तथा अन्य राजकीय भवनों में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान कार्यालय परिसरों में लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी सामग्री, कबाड़ एवं अनावश्यक वस्तुओं का चिन्हांकन कर उनका विधिवत निस्तारण किया गया, जिससे कार्यालयों में सुव्यवस्था एवं कार्यकुशलता में वृद्धि हो सके।

स्वच्छता अभियान के दौरान आमजन को भी स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ परिवेश, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने के संबंध में संदेश दिए गए तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह स्वच्छता अभियान स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुसंस्कृत राजस्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# मंडा भीमसिंह में भव्य धार्मिक आयोजनों की शुरुआत

हमारा समाचार

**मंडा भीमसिंह (जयपुर)।** संत केशर बाबा धाम, मंडा भीमसिंह में आज से भव्य धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हो गई है। केशर बाबा धाम पर 23 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज विशाल कलश यात्रा के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचिका देवी नेहा सारस्वत द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की विशेष व्यवस्था की गई है, जो आकर्षण का केंद्र रहेगी। साथ ही रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर मंडा भीमसिंह सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। भाजपा जयपुर देहात के महामंत्री शिव प्रसाद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण सुदृढ़ होगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की संभावना है।





# विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन

## 42.87 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची में शामिल

### 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित 14 फरवरी 2026 को होगा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

हमारा समाचार



**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण संचालित किया गया, जिसके दौरान सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण का कार्य सम्पन्न किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक भी आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधियों एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की मौजूदगी में आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, सी.पी.आई.(एम.) एवं आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया गया। बैठक में प्रारूप मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने तथा नव मतदाता पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 घोषणा पत्र (अनुलग्नक-IV) सहित प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। घोषणा पत्र के माध्यम से आवेदक की स्वयं अथवा उनके माता/पिता के नाम की गत गहन पुनरीक्षण से मैपिंग की जाती है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीणा ने बताया कि गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व जयपुर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 48 लाख 23 हजार 379 थी, जिन सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए। गणना चरण के दौरान 42 लाख 87 हजार 103 मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए गए हैं। इन सभी मतदाताओं के नाम मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि गणना चरण के दौरान दिनांक 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर संबंधित बीएलओ द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट के साथ बैठक आयोजित की गईं। इन बैठकों में बूथ क्षेत्र में अप्राप्त गणना प्रपत्रों की सूची कारण सहित बीएलओ द्वारा बूथ लेवल एजेंट को उपलब्ध कराई गई, ताकि वे इन प्रकरणों का अवलोकन कर अप्राप्ति के कारणों की जानकारी प्राप्त कर सकें तथा आवश्यकता होने पर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। इन बैठकों की कार्यवाही विवरण एवं अप्राप्त गणना प्रपत्रों की कारण सहित सूची जिले की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई है।

मेघराज मीणा ने बताया कि गणना चरण के दौरान कुल 5 लाख 36 हजार 276 मतदाताओं के गणना प्रपत्र अप्राप्त रहे। इनकी सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की वेबसाइट तथा जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। अप्राप्त गणना प्रपत्रों में 74 हजार 38 मृत, 3 लाख 39 हजार 490 स्थायी रूप से स्थानांतरित, 33 हजार 733 अनुपस्थित, 84 हजार 888 मतदाता सूची में एकाधिक स्थान पर पंजीकृत तथा 4 हजार 127 अन्य श्रेणी के मतदाता सम्मिलित हैं। यह सूची संबंधित मतदान केन्द्र, ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में भी चस्पा की गई है, ताकि यह आमजन एवं नागरिकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रह सके।

यह उल्लेखनीय है कि गणना चरण के दौरान एवं उसके पश्चात 28 हजार 578 मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 ऑनलाइन तथा 12 हजार 829 फॉर्म-6 ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों की विहित प्रक्रिया के पश्चात संबंधित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। फॉर्म-6 प्राप्त किए जाने की प्रक्रिया सतत रूप से जारी रहेगी। आमजन वोटर हेल्पलाइन एप अथवा वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं अथवा संबंधित बीएलओ को फॉर्म-6 घोषणा पत्र (अनुलग्नक-IV) सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। मेघराज मीणा ने बताया कि वे सभी व्यक्ति, जो दिनांक 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 अथवा 1 अगस्त 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों, वे भी अग्रिम रूप से फॉर्म-6 एवं निर्धारित घोषणा पत्र भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा एवं सुगमता को ध्यान में रखते हुए जिले में 1,200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन भी किया गया है।

# नगर निगम जयपुर में चला स्वच्छता श्रमदान महाअभियान

हमारा समाचार

**जयपुर।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम जयपुर ने स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देते हुए निगम मुख्यालय सहित शहर के सभी जोन कार्यालयों में वृहद सफाई अभियान चलाया। मंगलवार सुबह 10 बजे शुरू हुआ यह अभियान एक घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान निगम प्रशासक पूनम एवं निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने स्वयं झाडू लगाकर स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया। नगर निगम जयपुर प्रशासक श्रीमती पूनम ने इस अवसर सभी जयपुरवासियों से अपील भी की कि वे खुले में कचरा ना फेंके और शहर को स्वच्छ रखने के लिए एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। शहर की सड़कों, विरासत स्थलों सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखें और कचरे को निर्धारित कचरा पात्र में ही डालें। आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने कहा कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ और विकसित शहर की पहचान है तथा



इसमें जनभागीदारी सबसे अहम कड़ी है। स्वच्छता अभियान में निगम मुख्यालय परिसर की व्यापक सफाई के साथ कचरे का पृथक्करण एवं समुचित निस्तारण किया गया। साथ ही शहर के सभी जोन कार्यालयों में भी एक साथ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ जयपुर के संकल्प को मजबूती दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र बंसल, प्रवीण कुमार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा, अधीक्षण अभियंता नितिन शर्मा, उपायुक्त स्वास्थ्य श्री ओमप्रकाश थानवी सहित निगम के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीयों ने स्वच्छता श्रमदान किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. (भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।